




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 28 मार्च 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 59 | मूल्य - 5 रुपये














## रूपाली चाकणकर ने राकांपा महाराष्ट्र महिला शाखा की प्रमुख के पद से इस्तीफा दिया..

**मुंबई। (भाषा)।** दुष्कर्म के आरोपी स्वयंभू बाबा अशोक खरात से संबंध रखने के आरोप में घिरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता रूपाली चाकणकर ने शुक्रवार को पार्टी की महाराष्ट्र महिला शाखा की प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह (राकांपा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री) सुनेत्रा पवार से फोन पर हुई चर्चा के बाद मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महिला शाखा के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हूं।'' इससे पहले खरात के साथ अपने संबंधों के सामने आने के बाद चाकणकर ने महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में, संपर्क करें.. मो. 9329033433


# बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी, तोड़फोड, सुरक्षा व्यवस्था के हुए प्रबंध..

**कोलकाता, (भाषा)।**

***पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने बताया कि कई स्थानों से पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।***



पुलिस ने बताया कि प्रभावित जांगीपुर और रघुनाथगंज इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान कहासुनी हिंसा में तब्दील हो गई, जिसके बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई। दो गुटों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और इलाके में संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

अधिकारी ने बताया कि उत्सव के उपलक्ष्य में, एक विशाल शोभायात्रा रघुनाथगंज के मैकेन्ज़ी पार्क की ओर जी रही थी, तभी हंगामा शुरू हो गया। सिसतला इलाके में, शोभायात्रा के दौरान बजाए जा रहे संगीत को लेकर हुए विवाद के चलते यात्रा में शामिल लोगों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। फुलतला क्रॉसिंग के पास जब शोभायात्रा उस इलाके में पहुंची तो पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद तनाव फिर से भड़क उठा। दुकानों में तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और तब से वे प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रहे हैं और निगरानी रख रहे हैं। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ÷हालात अब नियंत्रण में हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और शांति एवं स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए गश्त जारी है। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इस बीच, राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं। भाजपा नेता धनंजय घोष ने हिंसा को ÷पूर्व नियोजित÷ बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की, वहीं जंगीपुर नगर पालिका अध्यक्ष मोफिज़ुल इस्लाम ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने निवासियों से शांत रहने की अपील की है क्योंकि पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के 294 सदस्यों के लिए चुनाव 23 और 29 अप्रैल को होंगे। मतगणना चार मई को होगी।






## झारखंडः धनबाद में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान पथराव में छह लोग घायल

**धनबाद, (भाषा)।** झारखंड के धनबाद जिले के भिकराईपुर में राम नवमी शोभा यात्रा के दौरान शुक्रवार शाम हुई पथराव की घटना में करीब छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सभी घायलों की हालत स्थिर है और इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने कहा, ''शोभा यात्रा के दौरान दो समुदायों के किशोरों के बीच पथराव की मामूली घटना हुई। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। फिलहाल इलाके में सब कुछ सामान्य है। धनबाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि आधे घंटे के भीतर स्थिति सामान्य हो गई।


# श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर हिमस्खलन के कारण 7 लोगों की मौत, पांच अन्य घायल..

**श्रीनगर, (भाषा)।**

***श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को वाहनों के कई हिमस्खलनों की चपेट में आने के कारण एक बच्चे और दो महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल***



हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर 'जीरो पॉइंट' और जोजिला दर्रा पर मिनिमार्ग के बीच के इलाके में हिमस्खलन की कई घटनाएं हुईं जिससे कई वाहन मलबे के नीचे दब गए। ऊंचाई वाले इलाके से गुजरते समय वाहनों पर भारी मात्रा में बर्फ गिर पड़ी, जिससे कई वाहन बर्फमें दब गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि बर्फको हटाने और फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। मृतकों में 10 साल का एक बच्चा और दो महिलाएं भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन के कारण सात लोगों की दुखद मौत और पांच लोगों के घायल होने की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।'' उन्होंने कहा कि घायलों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। गांदरबल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खालिद पोसवाल ने बताया कि तीन वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सुरक्षित निकालने और घायलों को इलाज के लिए पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ लद्दाख पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और नागरिक प्रशासन को तैनात किया गया है। एसएसपी ने बताया कि अब तक पांच शव बरामद किए जा चुके हैं तथा ''दो और शव होने की आशंका है।'' अधिकारियों के अनुसार, बचाव अभियान अभी जारी है और मलबा हटाने तथा राजमार्ग पर यातायात बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर बचाव और राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।









दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# धनौरा में रामनवमी पर निकली भव्य वाहन रैली

**श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया पर्व..**





**जगप्रेरणा धनौरा।**

***रामनवमी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा धनौरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

इस अवसर पर हनुमान मंदिर धनौरा से वाहन रैली (जुलूस) निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही, जिसमें डीजे एवं वाहनों के माध्यम से पूरे नगर में धार्मिक माहौल बना रहा। रैली में मुख्य रूप से पुरुष वर्ग शामिल रहा, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को पूरे भव्य और श्रद्धापूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। इसी क्रम में श्री राम चौक, बस स्टैंड धनौरा में रामनवमी के उपलक्ष्य में नवीन ध्वजारोहण किया गया। साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं शस्त्र प्रदर्शन भी किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की भी समुचित व्यवस्था रही।

# 10 हेक्टेयर भूमि में लगी फसल जली, मोटर साइकिल को भी नुकसान



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***शिलादेही क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर खेतों में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। खेतों से उठते धुएं को देखकर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी।***

तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते कई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन सूखी फसल और तेज हवा के चलते आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग बुझाने के प्रयास में जुटे ग्रामीणों को भी नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान दो मोटरसाइकिलें आग की चपेट में आ गईं, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत और फायर ब्रिगेड की सहायता से आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक किसानों को भारी नुकसान हो चुका था। इस संबंध में पटवारी महेंद्र सरयाम ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 10 हेक्टेयर भूमि में लगी फसल जल गई है। नुकसान का विस्तृत आंकलन कर रिपोर्ट कल प्रस्तुत की जाएगी। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# लखनादौन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राम नवमी



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

***आज श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के श्री राम मंदिर में राम नवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।***

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और भगवान श्री राम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पूजन-अर्चन के साथ विशेष सजावट की गई, वहीं भगवान श्री राम का आकर्षक श्रृंगार कर भव्य आरती की गई। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

नगर में राम नवमी के इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# घंसौर में गूंजा 'जय श्री राम', ऐतिहासिक बनी राम नवमी की शोभायात्रा..

**प्राचीन श्री राम मंदिर बना आस्था का केंद्र, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब..**



**जगप्रेरणा घंसौर।**

***नगर घंसौर के हृदय स्थल में स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में इस वर्ष राम नवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।***

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पूरे मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जहां फूलों की महक और आकर्षक रोशनी ने भक्तों का मन मोह लिया। प्रातः काल भगवान श्री राम का विधिवत पूजन-अर्चन कर जन्मोत्सव मनाया गया। जैसे ही दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के जन्म का क्षण आया, पूरा मंदिर 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। घंसौर की बोली में कहें तो 'पूरा नगर राममय हो गओ रहो, हर गली-नुक्कड़ राम भक्ति के रंग चढ़ गओ।'

दोपहर के बाद भजन मंडलियों ने अपने मधुर भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। स्थानीय कलाकारों और मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। शाम 3:30 बजे भव्य शोभायात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ, घोड़े, और पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने भगवान श्री राम के जीवन प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। कहीं पुष्प वर्षा की गई तो कहीं प्रसाद वितरण किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोगों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। घंसौर के लोगों का कहना रहा कि 'ऐसो कार्यक्रम पहली बार देखन मिलो, मन खुश हो गओ, राम जी की कृपा बनी रहय।'

रात्रि में महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्री राम मंदिर सेवा समिति एवं नगरवासियों का विशेष योगदान रहा। कुल मिलाकर इस बार की राम नवमी घंसौर के इतिहास में एक यादगार और ऐतिहासिक आयोजन के रूप में दर्ज हो गई।

# सिवनी में आयोजित हुआ वृहद विधिक जागरुकता शिविर..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,***

सिवनी श्रीमान सतीश चन्द्र राय के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 27/ 03/ 2026 को प्रातः 10:30 बजे से मठ मंदिर प्रांगण सिवनी में वृहद विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ श्रीमान सतीश चन्द्र राय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा लगाई गई स्टॉल जिनमें नगर पालिका विद्युत विभाग, जिला पंचायत विभाग, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं वन स्टॉप सेंटर आदि सहित उपस्थित रहे। श्री राय ने मंच के माध्यम से सिवनी जिले के आमजनों से ये अपील की कि उक्त शिविर में लगाई स्टॉलों द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं तथा देयकों में छूट का लाभ लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाये। इसी तारतम्य में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री बलवीर सिंह धाकड़ ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्य के बारे में जनता को जागरुक किया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊ्ट श्रीमती कला भम्मरकर ने महिलाओं संबंधित कानूनी सहायता तथा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही शिविर में उपस्थित आमजन से ये अपील करी की समाज में हर नारी का सम्मान आपकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का क्रियान्वयन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री रवि नायक द्वारा किये जाने के साथ ही उन्होने आमजन से अपील की कि वे लगाये गये वृहद विधिक जागरुकता शिविर में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेवें। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री आशीष दुबे ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी श्रीमान सतीश चन्द्र राय, विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी सिवनी श्री गालिब रसूल, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बलवीर सिंह धाकड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती कला भम्मरकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अमरीश भारद्वाज, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती पायल परमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अंशुल ताम्रकार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री केशव कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तनु गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री नवीन कुमार पटेल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री रिशाद खान, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विशाल निखारे, महाकाल समिति के अध्यक्ष श्री सदन कश्यप, महाकाल समिति के सचिव श्री पंकज शर्मा एवं विद्युत, स्वास्थ्य, नगर पालिका, वन स्टॉप सेन्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के स्टाफ सहित पैरालीगल वालेन्टियर उपस्थित रहे।

उक्त शिविर में आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# आरिफ मोहम्मद बने आरसीएसएस राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद 7898530101



**जगप्रेरणा सिवनी।**

राष्ट्रीय चालक सेवा संगठन द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर दिल्ली , यूपी, महाराष्ट्र, बिहार एवं अन्य जिलों एवं राज्य से आए संगठन के अधिकारी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के सिवनी जिले से आए आरिफ मोहम्मद को संगठन द्वारा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्हें विधिवत नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र सौंपा गया। उनकी नियुक्ति को संगठन के विस्तार एवं मीडिया क्षेत्र में मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से संतकुमार बंजारा (राष्ट्रीय संपादक), रघुवंश प्रसाद विश्वकर्मा (संस्थापक), रामकुमार मलिक (राष्ट्रीय अध्यक्ष), रीया कुमारी, लालजी लोधी, अभय सिंह ठाकुर, जुगराज सिंह ठाकुर, रामसिंह बंजारा, नेपाल राठौर, संतोष यादव , प्रदेश संगठन सचिव फारूख खान, सिवनी से अध्यक्ष शहबाज खान, संगठन सचिव केवल पटेल,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने एवं ड्राइवर साथियों के अधिकारों के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का विश्वास व्यक्त किया।

यह कार्यक्रम श्रद्धांजलि के साथ-साथ संगठनात्मक मजबूती और नई जिम्मेदारियों के निर्धारण का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डालडा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# अज्ञात कारणों से लगी आग, 8 से 10 एकड़ में खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख



**जगप्रेरणा छपारा।**

ग्राम खैरी के पास एक बड़ी घटना सामने आई है। किसान दिनेश चौहान के खेत में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

बताया जा रहा है कि इस आग में करीब 8 से 10 एकड़ में खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही खेत का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। वहीं, सूचना मिलने पर अग्निशामक वाहन भी मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस घटना से किसान दिनेश चौहान को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है, ताकि पीड़ित किसान को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

# पारंपरिक विधि से हुआ जवारे विसर्जन का आयोजन..





**जगप्रेरणा कहानी।**

विगत कई दशकों से स्थानीय खेर माता मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ जवारे कलश की स्थापना की परंपरा चली आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी महामाई के दरबार में नगरवासियों के सहयोग से जवारे कलश स्थापित किए गए। नवरात्रि के पावन महोत्सव के दौरान नौ दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह-शाम भव्य आरती और वंदन का आयोजन किया गया। प्रातः काल में नगरवासियों द्वारा जल अर्पण के लिए लंबी कतारें भी देखी गईं। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन का समापन जवारे कलश विसर्जन के साथ हुआ। माता-बहनों ने सिर पर जवारे कलश रखकर भाव-विभोर होकर नगर भ्रमण किया, जिसके बाद स्थानीय तालाब में भारी जनसमूह की उपस्थिति में विधि-विधान से विसर्जन सम्पन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अद्भुत आस्था का प्रदर्शन भी किया गया। भक्तों ने ग्राम अग्नि पर चलना, गरम लोहे का स्पर्श करना तथा नुकीले कीलों पर चलने जैसे करतब दिखाए, जिसने उपस्थित जनसमूह की श्रद्धा और विश्वास को और मजबूत किया। पूरा नगर 'महामाई के जयघोष' से गूंज उठा। विसर्जन यात्रा मार्ग पर भक्तों द्वारा पुलाव, शरबत एवं खीर का वितरण भी किया गया



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वाधान में

# भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर 31 मार्च को पार्श्वनाथ भवन से निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

## अनेक सामाजिक, धार्मिक, रचनात्मक सेवा कार्य के किये जा रहे आयोजन..






**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***बालाघाट शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अनेक सामाजिक, धार्मिक, सेवाकार्य व रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं।***

इस संबंध में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष आदित्य सेठिया ने जगप्रेरणा को बताया कि विश्व वंदनीय, शासन नायक, अहिंसा के अग्रदूत तीर्थेंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बालाघाट में धुमधाम से मनाया जा रहा है। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत सेवा कार्य से करते हुए 24 मार्च को जिला चिकित्सालय में सुबह 11 बजे भोजन वितरण से कर दी गई है। वहीं 25 मार्च को भारतीय जैन संघटना के आयोजन में भक्ताम्बर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 26 मार्च को पुनः जिला चिकित्सालय में जैन महिला मंडल के सहयोग से भोजन वितरण किया गया। इसी प्रकार 26 मार्च को महावीर भवन में अन्न व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 मार्च को पार्श्वनाथ भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जबकि वहीं दोपहर 3 बजे स्नेह छाया छात्रावास में चंदनबाला महिला मंडल द्वारा वॉशिंग मशीन भेंट की गई। इसी प्रकार सुशील बहु मण्डल द्वारा एक अनोखी सीढी धर्म की कार्यक्रम का आयोजन शाम 6.30 बजे महावीर भवन में किया गया।

## आज 28 मार्च को निकलेगी बाईक रैली..

आदित्य सेठिया ने आगे बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वाधान में 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से भव्य बाईक रैली होटल गुलमोहर से निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के युवा, वरिष्ठ सभी शामिल होंगे।

### 29 एवं 30 मार्च को होंगे यह कार्यक्रम..

आदित्य सेठिया ने आगे बताया कि 29 मार्च को आयोजित कार्यक्रमों में महावीर भवन से प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जायेगी। इसी प्रकार प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक पक्षीसुन जाप श्री सुशील महिला मंडल के द्वारा जैन स्थानक भवन में किया जायेगा। सर्व समाज द्वारा एकजुट होकर वॉक फॉर अहिंसा का आयोजन दोपहर 3.30 बजे से हनुमान चौक से अहिंसा द्वार तक आयोजित किया जायेगा, वहीं चंदनबाला महिला मंडल के प्रतिनिधित्व में जोड़ी कमाल की (बच्चों का प्रश्न मंच) पार्श्वनाथ भवन में आयोजित किया गया है। इसी प्रकार 30 मार्च को पुनः सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी महावीर कालोनी से निकाली जायेगी। प्रातः 7 बजे श्री स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा जैन स्थानक भवन में दो सामाजिक आराधना का कार्यक्रम, प्रातः 8 बजे से दिगम्बर जैन मंदिर में दिगम्बर जैन महिला मंडल द्वारा अभिषेक, पूजन एवं श्री महावीर विधान का आयोजन किया जायेगा। दोपहर 4 बजे से पार्श्वनाथ महिला मंडल द्वारा अहिंसा किड्स साईकल रैली अहिंसा द्वार से अरुण सायकिल तक आयोजित की गई है। सकल जैन समाज द्वारा नया सराफा में प्रभु की महाआरती का कार्यक्रम संध्या 7 बजे से आयोजित किया गया है, वहीं रात्रि 7.30 बजे से नया सराफा मेन रोड में विक्की डी पारेख ग्रुप मुम्बई का भव्य भक्ति कान्सर्ट आयोजित किया गया है।

### 31 मार्च को भव्य शोभायात्रा एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन..

आदित्य सेठिया ने आगे बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वाधान में 31 मार्च को महावीर भवन से सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जायेगी, एवं इसके उपरांत सुबह 9 बजे पार्श्वनाथ भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

इस शोभायात्रा में रुद्रताड़वम ढोल (उडुपी) कर्नाटक विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इसी प्रकार 11 बजे से जिला चिकित्सालय बालाघाट में भोजन वितरण का कार्यक्रम अभय सेठिया परिवार के सौजन्य से मणिधारी जैन युवा मंडल के प्रतिनिधित्व में होगा, वहीं 31 मार्च को नया सराफा के मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है जिसमें देश के प्रसिद्ध कवि अखिलेश चंद्र (हास्य रस), डॉ. कमलेश जैन (वसंत), राधिका गुप्ता (श्रृंगार रस), दिनेश देशी घी (हास्य रस), पार्थ नवीन (हास्य रस), कोमल (नाजुक) गुप्ता (श्रृंगार रस), डॉ. अंशुल आराध्यम, जैन दर्शन एवं श्रृंगार रस कविता पाठ से आनंदित करेंगे।

### बालाघाट जिले में ड्रीम्स होंडा के बढ़ते कदम

# चांगोटोला में होंडा के नए एक्सटेंशन 'असाटी होंडा' का शुभारंभ आज..

## विधायक मधु भगत के मुख्य आतिथ्य में होगा शुभारंभ..




**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***आटोमोबाईल सेक्टर में पुरे देश में होंडा वाहनों ने अलग और दमदार पहचान बनाई है, तथा दोपहिया वाहनों में तो बालाघाट जिले में ड्रीम्स होंडा के प्रतिनिधित्व में विभिन्न योजनाओं और ग्राहकों को दी जाने वाली बेहतर सेवाओं के प्रतिफल स्वरुप होंडा वाहनों की रिकार्ड बिक्री हुई है। जिले में***

होंडा वाहनों की रफ्तार को आगे बढ़ाते हुए ड्रीम्स होंडा द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर भी एक्सटेंशन काऊंटर्स शुरु किये गए हैं, तथा इसी क्रम में अब बालाघाट जिले के चांगोटोला में भी आज 28 मार्च से ड्रीम्स होंडा के एक्सटेंशन काऊंटर के रुप में असाटी होंडा का शुभारंभ विधायक मधु भगत के मुख्यातिथ्य में दोपहर 3 बजे होने जा रहा है। इस उद्घाटन समारोह में प्रमुख रुप से ग्राम चांगोटोला के सरपंच प्रमोद ठाकरे एवं ड्रीम्स होंडा के संचालक कमलजीत सिंघ छाबड़ा भी उपस्थित रहेंगे। असाटी होंडा के संचालक संतोष कुमार असाटी एवं संदीप असाटी ने अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रीय प्रबुद्ध नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### वात्सल्य आराधना ग्रुप ने प्रस्तुत की मानवीय संवेदना..

# गर्मी से बचाव हेतु श्रमिकों और जरूरतमंदों को किया चप्पल और गमछों का वितरण..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***मार्च से शुरू हुई भीषण गर्मी से लोग हलाकान है, आसमान से पड़ती धूप के कारण, सड़क गर्म हो गई है और तेज तपन महसुस हो रही है। ऐसे में पड़ रही गर्मी से बचाव को लेकर वात्सल्य आराधना ग्रुप ने जरूरतमंद***

और श्रमिकों के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए मानवीय संवेदनाओं के साथ चप्पल और गमछों का वितरण किया गया। शुक्रवार को समूह की महिलाओं श्रद्धा माहुले, अमृता चावड़ा, शालू गांधी, वंदना माहुले, दुलारी धुर्वे और शुभ्रा श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने दैनिक श्रमिकों, गरीब परिवारों और जरूरतमंद व्यक्तियों को चप्पल एवं गमछे वितरित किए। ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। ग्रुप प्रमुख मीना चावड़ा ने बताया कि गर्मी के दिनों में श्रमिक वर्ग को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन में थोड़ी राहत और खुशी लाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वात्सल्य आराधना समूह भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सेवा कार्य करता रहेगा। वात्सल्य आराधना ग्रुप की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। यह कार्यक्रम न केवल सेवा भावना का प्रतीक बना, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

### प्रवेश उत्सव को लेकर जनशिक्षकों की बैठक संपन्न..

# 01 अप्रैल को धूमधाम से प्रवेश उत्सव का आयोजन करने जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी उपाध्याय ने दिये निर्देश..





**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र में 01 अप्रैल 2026 को प्रवेश उत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों के तहत जिले के समस्त जनशिक्षकों की बैठक***

27 मार्च को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट में आयोजित की गई। बैठक में नामांकन शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, विद्यालयों की स्वच्छता, तथा जल गंगा संवर्धन से संबंधित गतिविधियों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। जनशिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करें।

निर्देश दिए गए कि 01 अप्रैल को आयोजित प्रवेश उत्सव में भूतपूर्व छात्र, ग्रामवासी, पालक-शिक्षक संघ एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। इस दिन कक्षा 01 से 08 तक के सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा, बाल सभा का आयोजन होगा तथा गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट मध्यान्ह भोजन के साथ विशेष भोज भी कराया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि प्रवेश उत्सव की कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 02 अप्रैल को पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित होंगी, 03 अप्रैल को शाला प्रबंधन समिति की बैठक कर 100 प्रतिशत नामांकन हेतु कार्ययोजना तैयार की जाएगी, 04 अप्रैल को ÷भविष्य से भेंट÷ कार्यक्रम के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, कलाकारों, साहित्यकारों, पुलिस एवं शासकीय अधिकारियों को प्रेरक के रूप में विद्यार्थियों से संवाद हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी उपाध्याय, जिला परियोजना समन्वयक श्री घनश्याम प्रसाद बर्मन एवं संस्था के प्राचार्य श्री ज्योतिषी जी ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही एपीसी एवं विभिन्न शाखा प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने विभाग से संबंधित आवश्यक जानकारी जनशिक्षकों को दी गई।

**जिला प्रशासन ने सभी संबंधितों से प्रवेश उत्सव को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।**


## भंडारा में सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती

सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती मे शामिल होने का अवसर, योग्यता 10 वी 12वीं पास। सैलरी 15 से 20 हजार रूपए, रहने की उत्तम सुविधा, पीएफ, ईएसआईसी, लीव सैलेरी, बोनस की सुविधा.. सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी),

संपर्क : 9766188388, 7030497666


# बालाघाट में 29-30 मार्च को लगेगा जिला स्तरीय पुस्तक मेला..

## अभिभावकों को सुलभ दरों पर मिलेंगी पुस्तकें व स्कूल सामग्री..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** ***मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में 29 एवं 30 मार्च 2026 को शासकीय सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) बालाघाट में जिला स्तरीय एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित***

रहेगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया है कि इस मेले का लाभ जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं उनके पालकों व अभिभावकों को दिलाएं।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस पुस्तक मेले में पुस्तक विक्रेता, गणवेश विक्रेता एवं स्टेशनरी विक्रेता अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के स्थानीय प्रतिष्ठानों के माध्यम से बच्चों को सुलभ एवं वास्तविक दरों पर पुस्तकें, गणवेश, स्टेशनरी, जूते-मोजे सहित अन्य स्कूल सामग्री उपलब्ध कराना है, ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों सहित सभी विकासखंडों के बीआरसी को निर्देशित किया गया है कि वे अधिक से अधिक पालकों तक इस मेले की जानकारी पहुंचाकर उन्हें इसका लाभ दिलाएं। इस संबंध में जिले के सभी अशासकीय (निजी) विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालक/अभिभावकों को भी अपने बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री सुलभ दरों पर क्रय करने हेतु आमंत्रित किया गया है। पुस्तक मेले में निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं स्टेशनरी निर्धारित एवं वास्तविक दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी, एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य/ संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विद्यालयों के व्हाट्सएप समूह एवं अन्य माध्यमों से मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक अभिभावक मेले में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकें।

# रामनवमी पर मोती नगर में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ, जल गंगा अभियान को मिली गति..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान सतत संचालित है, जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं बोरीबंधान जैसे कार्य जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में रामनवमी के पावन अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था 'रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन' के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र बालाघाट के वार्ड क्रमांक 32, मोती नगर झांसी रानी चौक में जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन किया गया।

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए ÷जल सेवा, मानव सेवा÷ के पुनीत उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष जयश्री सोनवाने ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह पार्षद राज हरिनखेड़े, जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक बैजंती कटरे की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से परामर्शदाता श्रीमती वर्षा परिहार, श्रीमती मालती बिसेन, सूर्यवंशी सर, हरेंद्र यादव सहित नवांकुर संस्था की अध्यक्ष जयश्री सोनवाने, आशा नामदेव, प्रभा ठाकुर एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच ऐसे जल मंदिर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनते हैं। साथ ही सभी से जल के संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रखा जा सके।


|| श्री जीणमाता की जय ||

|| जय गुलाब बाबा नमः ||

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

# मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।



वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाड़ा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## राम नवमी पर भक्ति और उत्साह से गूंजा परसवाड़ा, बाइक रैली व भव्य शोभायात्रा ने बढ़ाया आकर्षण..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर परसवाड़ा में दिनभर धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। राम मंदिर परिसर में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की।***









सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने हवन-पूजन, भजन-कीर्तन एवं आराधना कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दिनभर भजन-कीर्तन की गूंज से क्षेत्र राममय रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।

संध्या लगभग 4 बजे रामभक्तों द्वारा डीजे की धुन पर भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे नगर में उत्साह का संचार कर दिया। यह रैली राम मंदिर से प्रारंभ होकर बिजाटोला तक पहुंची और वहां से परसवाड़ा बस स्टैंड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा और सैकड़ों की संख्या में रामभक्त इसमें शामिल हुए।

इसके पश्चात देर शाम करीब 7 बजे श्री राम मंदिर प्रांगण से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता के प्रतीक स्वरूप सुसज्जित नन्हे बालक-बालिकाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे और आकर्षक आतिशबाजी के साथ निकली यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। इसके बाद मुख्य मार्ग से बस स्टैंड होते हुए पुनः श्री राम मंदिर परिसर में शोभायात्रा का समापन हुआ।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में रामभक्त, ग्रामीण एवं महिलाएं शामिल हुईं, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। शोभायात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि युवाओं में भी विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और भक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे यह पर्व परसवाड़ा में विशेष रूप से यादगार बन गया। इस दौरान रामभक्तों में जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, श्रीश अवधिया, लारेश ब्रम्हे, मुनेन्द्र वंशपात्र, पंकज जैन, विभोर गुप्ता, मनोज ब्रम्हे, होमेश्वर ठाकरे, मनीष ब्रम्हे, पत्रकार संघ अध्यक्ष राकेश मिश्रा, महेश खरे, अतुल नागेश्वर, मोनू चंद्रे, मनीष लांजेवार, राहुल लांजेवार, रवि नागेश्वर, प्रदीप नागेश्वर, हर्ष पटले, नवीन चावले सहित अनेक श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परसवाड़ा पुलिस टीम भी पूरी तरह मुस्तैद रही। इस दौरान नगर निरीक्षक मदन इवने, सहायक उपनिरीक्षक धरमचंद बघेले, नितिन बिसेन एवं नितिन जोशी सहित महिला पुलिस बल की उपस्थिति में पूरे कार्यक्रम के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस प्रकार परसवाड़ा में राम नवमी का पर्व भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ।

## वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत नेहरा नाला की सफाई..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा (सामान्य) अंतर्गत 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत नेहरा नाला की व्यापक सफाई का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में जल स्त्रोतों का संरक्षण,***





जल प्रवाह को सुचारु बनाना एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना है। अभियान के अंतर्गत वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नाले में जमा गाद, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाया गया। इस कार्य से न केवल जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि आसपास के वन्य जीवों एवं स्थानीय ग्रामीणों को भी स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत ऐसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं, जिससे सूखते जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके। साथ ही, स्थानीय नागरिकों से भी अपील की गई कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कचरा न फैलाएं। इस पहल से क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## जल गंगा अभियान के तहत बैहर के राम्हेपुर में विविध गतिविधियों का आयोजन..

### जल संरक्षण का दिया संदेश

जगप्रेरणा बैहर।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के तत्वावधान में विकासखंड बैहर के ग्राम राम्हेपुर में 'जलशक्ति से नवभक्ति'***





कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना, पौधरोपण, जल पात्र (सकोरे) लगाने एवं भक्ति गायन के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल को जीवन का आधार मानकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक महेश पटले एवं नवांकुर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलता चौधरी ने सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जल के महत्व को रेखांकित करते हुए भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे लोगों में जागरूकता का संचार हुआ।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सुदृढ़ करने हेतु वृक्षों का पूजन कर पौधरोपण किया गया। साथ ही पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृक्षों पर सकोरे लगाए गए। कार्यक्रम में परामर्शदाता संगीत उइके, नीलिमा यादव सहित सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं, महिलाएं एवं स्थानीय ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## भक्ति शक्ति और सादगी का संगम स्वरूप नन्हीं नन्ही बैगा बेटियों का किया पूजन..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***शास्त्रों के अनुसार मां के नौ रूप केवल शक्ति का प्रतीक नहीं अपितु जीवन की बाधाओं को दूर करने वाला सरल पथ है, बेटीयो की नन्हीं सी मुस्कान में सारा संसार समाया है, बिटिया के रूप में इस नवरात्रि मा का आशीर्वाद पाया है,***



साक्षात देवी स्वरूपा बेटियों का आशीर्वाद प्राप्त करने उकवा की सामाजिक संस्था सर्व धर्म सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गम पहाड़ी एवं अति तल में बसे पूर्णतः बैगा बाहुल्य ग्राम चुपका टोला जहां आज भी जाना किसी चुनौती से कम नहीं है,जहां दो पहिया या चार पहिया वाहन ऊंचे नीचे पथरीले कच्चे रास्तों से होकर पहुंचा जाता है, जहां के लोग आज भी दुनिया की चमक से दूर है, जहां अभी भी नेटवर्क नहीं है, लोग अभी भी मोबाइल से अछूते है, चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के दिन उकवा के सर्वधर्म सेवा समिति के सदस्यों द्वारा इस स्थान में बमुश्किल पहुंचे,ग्राम तक वाहन जाना अति मुश्किल था ,इसलिए नाले के पास वाहन खड़ा कर सभी स्वयं सेवी अपने हाथों में समान लेकर पैदल गांव पहुंच संपूर्ण कार्य को पूर्ण किए, कन्या पूजन के दिन पहली बार ग्राम में ऐसा माहौल देख ग्राम के बड़े छोटे सभी लोग अत्यंत भावुक और प्रसन्न हो गए समिति सदस्यों द्वारा, ग्राम की छोटी छोटी बेटियों के चरण धो उनका तिलक वंदन कर उन्हें स्वयं के हाथों से खीर पूड़ी बना कर वितरित किया।

इस अवसर पर उकवा के प्रसिद्ध कपड़ व्यवसाई संदीप साड़ी सेल के संचालक श्री खंडेलकर द्वारा सभी बेटियों को एवं ग्रामीणों को अपनी तरफसे अंग वस्त्र प्रदान किए गए,साथ ही स्वयं सेवी बहने ज्योति वरकड़े ,दीपा मेश्राम एवं संदीप गजभिए द्वार स्वयं के हाथों से बच्चों एवं ग्रामीणों के लिय खीर पूरी एवं पुलाव तैयार कर वितरण किया गया, भवानी मोबाइल के संचालक दामेंद्र परिहार द्वारा बच्चों को स्कूली कीट प्रदान कर शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया गया, सामाजिक कार्यकर्ता सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक, उपध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव नितिन कुमार, विमल पंचभाएं द्वारा सभी नन्हीं नन्ही बेटियों का स्वागत सत्कार कर उनका आशीर्वाद लिया गया, सफ्ल आयोजन एवं सभी के सहयोग हेतु कार्यक्रम के संयोजक सेवा समिति के सक्रिय कार्यकता समाजसेवी संदीप गजभिए ने सभी का दिल आभार व्यक्त किया

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

## ग्राम लवादा में 'हर घर जल' से आई खुशहाली की धारा..

जगप्रेरणा लालबर्रा।

***बालाघाट जिले के विकासखंड लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लवादा, जो मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, आज जल प्रबंधन की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है।***

करीब 1578 की आबादी वाले इस गांव के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि और मजदूरी है, लेकिन कुछ वर्ष पहले तक यहां के ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता था। गांव में पानी का प्रमुख स्त्रोत कुएं, हैंडपंप और तालाब थे, जिन पर निर्भर रहना मजबूरी थी। खासकर गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिसमें समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती थी। साथ ही, अशुद्ध पानी के कारण कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बना रहता था।

लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल-जल योजना लागू होने के बाद हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा चुका है। अब ग्रामीणों को घर बैठे समय पर स्वच्छ पानी मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले पानी लाने में जो समय लगता था, अब वह समय बच्चों की पढ़ाई और परिवार के स्वास्थ्य पर ध्यान देने में लग रहा है। महिलाओं को भी बड़ी राहत मिली है, क्योंकि उन्हें अब दूर-दूर तक पानी लाने नहीं जाना पड़ता। ग्राम लवादा 'हर घर जल' योजना के तहत रिपोर्टेड और प्रमाणित हो चुका है। गांव में नलों के माध्यम से स्वच्छ जल की सतत आपूर्ति हो रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है और लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।




ग्राम पंचायत लवादा के सभी ग्रामीण इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आज लवादा गांव यह संदेश दे रहा है कि सही योजना और प्रभावी क्रियान्वयन से किसी भी समस्या का समाधान संभव है।

## जल जीवन मिशन से बदली तस्वीर: चचानमेटा गांव में नल-जल से मिली राहत और सुकून..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत नाहरवानी के अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव चचानमेटा आज जल जीवन मिशन की बदौलत नई पहचान बना रहा है। कभी पानी के लिए संघर्ष करने वाला यह गांव अब 'हर घर जल' के लक्ष्य को प्राप्त कर खुशहाली की राह पर अग्रसर है।***

गांव की आशा कार्यकर्ता श्रीमती चंद्रप्रभा गौतम बताती हैं कि पहले यहां के लोगों, खासकर महिलाओं को पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घंटों मेहनत करनी पड़ती थी, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की भारी हानि होती थी। कई बार पानी की कमी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती थीं।

लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। गांव में पानी की टंकी बनने और जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना लागू होने से हर घर तक पानी पहुंच रहा है। अब ग्रामीणों को दूर से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। श्रीमती गौतम कहती हैं, ÷पानी की टंकी बनने से हमारी सबसे बड़ी समस्या हल हो गई है, अब हर घर में नल से जल आ रहा है।÷

इस योजना ने महिलाओं के जीवन में सबसे बड़ा बदलाव लाया है। अब उन्हें पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे उनका समय बच रहा है और वे अपने परिवार व बच्चों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। साथ ही, स्वच्छ पानी मिलने से स्वास्थ्य में भी सुधार देखा जा रहा है।




चचानमेटा गांव आज इस बात का उदाहरण बन गया है कि सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन कैसे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। जल जीवन मिशन ने यहां न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि महिलाओं के जीवन में सुकून और सम्मान भी जोड़ा है।



सोने, चांदी व हीरे जड़ित
आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# आस्था, संस्कृति और शौर्य का संगमः कटंगी क्षेत्र में विविध आयोजनों में विधायक गौरव सिंह पारधी ने की सक्रिय सहभागिता







जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी क्षेत्र में रामनवमी के पावन अवसर से लेकर ऐतिहासिक विरासत से जुड़े आयोजनों तक, विभिन्न ग्रामों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समृद्ध श्रृंखला देखने को मिली।***

इन आयोजनों में विधायक गौरव सिंह पारधी ने सहभागिता कर न केवल जनभावनाओं से जुड़ाव दिखाया, बल्कि आस्था और परंपरा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

## डोंगरिया (रामपायली) में विधायक श्री पारधी ने किया माता मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत डोंगरिया (रामपायली) में माता मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक गौरव सिंह पारधी सम्मिलित हुए। उन्होंने माता रानी का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान श्री पारधी ने श्रद्धालुओं के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की स्तुति करते हुए उन्होंने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपेश्वरी लिल्हारे, वरिष्ठ कार्यकर्ता ढालसिंह लिल्हारे, मंडल महामंत्री स्वप्निल पटले, पलाश बिसेन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रानी मोहगांवघाट में श्री राम कथा समापन में सम्मिलित हुए

ग्राम रानी मोहगांवघाट में रामनवमी के पावन पर्व पर आयोजित श्री राम कथा के समापन समारोह में विधायक गौरव सिंह पारधी ने सहभागिता कर क्षेत्रवासियों के साथ इस आध्यात्मिक आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री राम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त क्षेत्र के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कथा के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

## श्री राम कथा आस्था के साथ जीवन मूल्यों की प्रेरणा देती हैं: विधायक गौरव सिंह पारधी

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि श्री राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणादायक गाथा है, जो हमें सत्य, त्याग और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की सीख देती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक विशाल जनसमूह के आध्यात्मिक उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

## बोनकट्टा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन, विधायक गौरव सिंह पारधी हुए उपस्थिति

गत दिवस ग्राम बोनकट्टा में कटंगी जनपद अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख के निवास पर सुंदरकांड के मंगलमय पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जहां पूरे वातावरण में आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने भगवान श्री राम के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। विशेष रूप से उन्होंने भजन मंडली के साथ बैठकर भावपूर्ण राम स्तुति गाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भी भक्ति में भावविभोर हो उठे।

## कटंगी नगर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम

रामनवमी के पावन अवसर पर कटंगी नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में विधायक गौरव सिंह पारधी सम्मिलित हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह और आस्था के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। विधायक गौरव सिंह पारधी ने श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता करते हुए भगवान भगवान श्री राम के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और सभी के जीवन में सुख-शांति की कामना की। पूरे नगर में जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक राजेश परते का निधन, पुलिस विभाग में शोक की लहर

जगप्रेरणा बालाघाट।

***थाना बिरसा में पदस्थ प्रधान आरक्षक क्रमांक 1037 श्री राजेश परते का रात्रि लगभग 3:00 बजे ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। इस दुखद घटना से पुलिस महकमे सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक परते रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही समय में हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना स्टाफएवं वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही की गई।

प्रधान आरक्षक राजेश परते अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान, अनुशासित एवं सरल स्वभाव के अधिकारी माने जाते थे। उनके अचानक निधन की खबर से सहकर्मी स्तब्ध हैं और इसे विभाग के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

प्रधान आरक्षक परते के निधन से क्षेत्र में भी शोक की लहर है और लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# वारासिवनी में राइस मिलों की जांच, सुगंधित चावल के 10 नमूने लैब भेजे गए



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***बालाघाट जिले के वारासिवनी क्षेत्र में चावल में सुगंध के लिए कैमिकल मिलाए जाने की शिकायत पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन को जांच के निर्देश दिए।***

इसी क्रम में 26 मार्च को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरया के साथ विभिन्न राइस मिलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान लालबर्रा रोड स्थित श्रीनाथ राइस मिल, त्रिवेणी राइस मिल, राधावल्लभ राइस मिल, शुभम राइस मिल एवं शुभम पर्बाइलिंग मिल की बारीकी से जांच की गई। टीम को किसी भी मिल में कृत्रिम सुगंधित रसायन का उपयोग नहीं मिला। हालांकि मिलों में काली मूंछ, जय श्री राम, एचएमटी, अंबेमोर और सोनम जैसे सुगंधित चावलों का स्टॉक पाया गया।

मिल संचालकों से धान एवं चावल की खरीदी के बिलों की जांच की गई, जिसमें काली मूंछ, सामान्य धान (कॉमन पैडी) और अन्य चावलों के क्रय दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। साथ ही स्थानीय मंडी से खरीदी के प्रमाण भी मिले। खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न मिलों से कुल 10 नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे हैं। मिल संचालकों ने बताया कि आवश्यकता अनुसार अन्य राज्यों से भी धान की खरीदी की जाती है और विभिन्न किस्म के चावल तैयार किए जाते हैं।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता आनंद ताम्रकार भी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार, प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि चावल में किसी प्रकार का रसायन मिलाया गया है या नहीं। यदि जांच में खाद्य पदार्थ अमानक या मिलावटी पाए जाते हैं, तो संबंधित मिल संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच की यह कार्रवाई नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे, श्री वाजिद मोहिब एवं श्रीमती गीता टांडेकर द्वारा की गई है।

# अधिवक्ता संघ के विजयी पदाधिकारीयो ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का सहयोग के लिये किया आभार व्यक्त..

## पहली बार उपाध्यक्ष व सहसचिव पद पर महिला अधिवक्तायें हुयी है विजयी

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पुरानी मान्यताओ, अनेको मिथको को तोडकर विजयश्री हासिल करने वाले नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ 2026 के पदाधिकारीयो ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास पर आकर अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव मे सहयोग करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।***

दुसरी ओर पूर्व मंत्री ने भी सभी विजयी पदाधिकारीयो का शाल श्रीफ्ल से सम्मान कर अधिवक्ताओ के हितो मे रखी गयी मांगो को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन प्रदान किया।

## 202 मे 188 अधिवक्तो ने लिया चुनावी प्रक्रिया मे भाग...

गौरतलब है की इस साल अधिवक्ता संघ के चुनाव मे बेहद कश्मकश व जीत हार के लिये जबरदस्त मेहनत देखी गयी। कुल 202 मतदाताओ मे से 188 अधिवक्ताओ ने मतदा कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सह सचिव के भाग्य का फैसला किया। इस बार पहली बार महिला अधिवक्ताओ ने भी अपने भाग्य को अजमाने का कार्य किया। जिसमे उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती वंदना बनोटे व सह सचिव पद पर श्रीमती अनामिका शुक्ला प्रंचड मतो से विजयी हुयी। चुनाव परिणाम के बाद समर्थको ने अपने अपने प्रत्याशीयो की जीत हासिल होने पर उत्साह के साथ जीत का जश्न भी मनाया।

## विजयी पदाधिकारीयो का गुडडा भैया ने किया सम्मान...

इस दौरान गुडडा भैया ने भी अध्यक्ष संदीप नगपुरे, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना बनोटे, सचिव अभिषेक शुक्ला, सहसचिव श्रीमती अनामिका शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य रितेश शुक्ला, अजय डहाके आदि का शाल श्रीफ्ल से सम्मान किया। सम्मान के पश्चात पदाधिकारीयो ने गुडडा भैया के समक्ष अधिवक्ताओ के हितो को ध्यान मे रखते हुये गंभीर चर्चा भी की। चुनावी समर की अनेको उतार चढाव भरी चर्चा के बाद अध्यक्ष, उपाध्याक्ष, सचिव व सहसचिव ने गुडडा भैया के समक्ष अपनी लंबी लिस्ट भी विकास कार्यो की रखते हुये कहा की ई लायब्रेरी, अधिवक्ता कक्ष के उपर हाल, परिसर मे गटटू निर्माण, अधूरी सडक को पूर्ण करने जैसे अनेको विषयो मे हमे गुडडा भैया से उनकी सोच के अनुरूप ही कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। जिस पर क्रमश सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के गुडडा भैया के आश्वासन ने पुन विजयी पदाधिकारीयो को प्रसन्नचित करने का कार्य कर दिया।

## डोर टू डोर जनसंपर्क के कारण हुयी जीत..

मिडिया के सवालो पर अध्यक्ष संदीप नगपुरे ने कहा की हमारा प्रयास सफ्ल रहा। हमने डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क किया था। हमारे समर्थको ने भी बड चढकर प्रचार कार्य मे हिस्सा लिया था। बीते कार्यकाल मे वे स्वंय सचिव के पद पर कार्यरत थे। इस अच्छे कार्यकाल के कारण ही आज सभी ने उन पर विश्वास व्यक्त कर जीत प्रदान करने का कार्य किया है। सहयोग के लिये वे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व सहयोगी अधिवक्ताओ का धन्यवाद ज्ञापित करते है।





## पहली बार बडे पदो पर महिलाये हुयी है विजयी..

उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना बनोटे ने कहा की अधिवक्ता संघ के चुनाव मे पहली बार महिलाओ ने भाग लिया है। एकजुटता के कारण उपाध्यक्ष व सहसचिव के पद पर महिला अधिवक्ता की जीत हुयी है। हमने तथ्यो के आधार पर चुनाव लडा है। और अब अपने घोषणापत्र को पूर्ण कर सभी के विश्वास को जीतने का कार्य करने की उनकी प्राथमिकता है। हमने आज गुडडा भैया से ई लायब्रेरी, बडे हाल, अधूरे सडक निर्माण सहित परिसर मे गटटू लगाने की मांग रखी है।

## अधिवक्ता संघ की मांगो पर गुडडा भैया ने दिखायी गंभीरता..

सचिव अभिजीत शुक्ला ने कहा की कश्मकश भरे चुनाव मे सभी पदाधिकारीयो की ऐतिहासिक जीत हुयी है। विशेष रूप से वे सहयोग के लिये सचिन बंसोड, मिलिंद नगपुरे, पुष्पेन्द्र कलहारी को भी धन्यवाद ज्ञापित करते है। आज हम सभी पदाधिकारी विशेष रूप से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को सहयोग प्रदान करने के लिये धन्यवाद प्रदान करने उनके निज निवास पर आये है। हमने उनसे परिसर मे गटटू लगवाने की मांग भी की है। जिस पर उन्होने नपा परिषद के माध्यम से यह कार्य जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया है।

## सर्वाधिक 131 मतो से विजयी हुयी अनामिका शुक्ला..

सह सचिव श्रीमती अनामिका शुक्ला ने कहा की इस चुनाव मे उनकी प्रचंड विजय हुयी है। उनकी जीत 131 मतो से होने के कारण स्वंय इसे बडी जिम्मेवारी के रूप मे वे देखती है। उनका प्रयास है कि उन्हे जो प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को छोडकर 27 वोट नही मिले है। उन्हे भी अपने साथ लेकर सभी की भावनाओ के अनुरूप कार्य करने का प्रयास वे अवश्य करेगी। आज गुडडा भैया ने जो हमारी मांगो के प्रति गंभीरता दिखायी है। उसने पुरे पदाधिकारीयो को प्रभावित किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खैरलांजी, जनपद पंचायत खैरलांजी जिला बालाघाट

क्रमांक.. /क्यु दिनांक- 24/03/2026

।। बैठकी बाजार एवं मवेशी पंजीयन निलामी सुचना।।

आम जनता को सुचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत खैरलांजी अतंर्गत दिन षुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बैठकी बाजार एवं मवेषी पंजीयन बाबद की निलामी वर्श 2026-27 (01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) एक वर्श की अवधि के लिये दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार दोप. 12 बजे से ग्राम पंचायत खैरलांजी में निलामी की कार्यवाही नियत की गई है। निलामी की कार्यवाही उपरोक्त तिथी में अपरिहार्य कारणो से निरस्त होती है, तो ग्राम पंचायत द्वारा घोशित उन्ही षर्तो पर पूनः दिनांक 01/04/2026 बुधवार को निलामी की कार्यवाही की जावेगी।

नियम व शर्तेः-

1. बाजार निलामी हेतु अमानत राषी 50,000 रूपये एवं मवेषी पंजीयन हेतु 20,000 रूपये जमा करने पर इच्छुक बोलीदार निलामी में भाग ले सकेंगे। 2. निलामी उपरांत ठेका होने पर ठेकेदार को 2 घंटे के भीतर षत/प्रतिषत राषी जमा करना होगा, अन्यथा उक्त ठेका निरस्त माना जायेगा तथा अमानत राषी जब्त की जायेगी। 3. बकायादार निलामी प्रक्रिया में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली में भाग नही ले सकेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के पदाधिकारीयो को बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत के सुचना पटल पर देखी जा सकती है।

श्रीमती ज्योती भगतसिंह नगपुरे, सरपंच
रोशनलाल नगपुरे, उपसरपंच
रंगलाल अटराहे, सचिव
मेघराज दमाहे, सहायक सचिव
एवं समस्त पदाधिकारीगण ग्राम पंचायत खैरलांजी

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ शासकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न..

## विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां..

**जगप्रेरणा लांजी।**

*शासकीय महाविद्यालय लांजी में 24 से 26 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।*








इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक, ललित कला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च को ललित कला, क्रीड़ा तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती अर्चना खोंगल जनपद पंचायत अध्यक्ष, लांजी, अजय अवसरे जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे जिला पंचायत सदस्य, मोनू पशीने पार्षद, नगर परिषद लांजी, युगेश रामटेक्कर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष तथा उज्जवल श्रीवास्तव विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया।

प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाने की अध्यक्षता में सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिताओं में पुष्प सज्जा, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, कार्टून, निबंध लेखन, प्रश्नमंच आदि विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन 25 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाने ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार कर्राहे विधायक, लांजी/किरनापुर उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले नगर परिषद अध्यक्ष, लांजी, युगेश रामटेक्कर, श्रीमती मोना कौर सिद्धू भाजपा जिला मंत्री, कैलाशपुरी गोस्वामी, आलोक चौरसिया भाजपा मंडल अध्यक्ष, लांजी, देवेश ऐड़े भाजपा मंडल अध्यक्ष, बिसोनी, गौरव बैस तथा राकेश रामटेक्कर सांसद प्रतिनिधि मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा युगल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। तीसरे दिन 26 मार्च को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाने ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में कमल सिंहसार अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, लांजी उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में संतोष पटले डीएसपी, हॉकफोर्स, खुदीराम सनोडिया एसडीओ., कृषि विभाग, तथा मयुर वाहने सीएमओ, नगर परिषद लांजी शामिल थे। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती एवं बाबासाहेब अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। छात्र आकाश गोस्वामी ने मधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सुरेन्द्र चिखले ने वंदना गाई। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा स्नेह सम्मेलन में सराहनीय योगदान देने वाले विद्यार्थियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाने एवं स्टॉफसदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम प्रभारी महेन्द्र कुमार तलवरे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. सुरेन्द्र कुमार चिखले, प्रो. रितेश सोनवाने, प्रो. शेखर दल्लेमाल, डॉ. जसपाल सिंह सिद्धू एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# भए प्रकट कृपाला: पुराने राम मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया श्रीराम का प्रकट उत्सव..

**जगप्रेरणा लांजी।**







नगर के पुराने राम मंदिर एवं नये राम मंदिर गुजरी चौक मे भक्ति भाव के साथ श्रीराम जन्मोत्सव 27 मार्च 2026 को मनाया गया। नगर के राममंदिरों में प्रातः काल से ही श्री राम जी की पूजा अर्चना अभिषेंक आदि किया गया एवं मध्यान्ह 12 बजें श्रीराम जी का जन्मोत्सव आतिशबाजी कर मनाया गया व तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया। नगर के पुराना राममंदिर में श्री 108 अयोध्या नाथ जी का प्रकटोत्सव चैत्र नवरात्रा शुक्ल पक्ष श्रीराम नवती राम जन्मोत्सव 27 मार्च को मनाया गया।

श्री रामचरण सेवा समिति तथा महंत श्री लक्ष्मीनारायण वैष्णव के द्वारा अभिषेक पूजन कर मनाया गया। जन्मोत्सव समय दोपहर 12 बजे से दिव्य श्रृंगार दर्शन, महाआरती दर्शन आदि के पश्चात दोपहर 2 बजे महाप्रसादी वितरण कर ज्योति कलश ज्वारा विसर्जन शिव बावड़ी में विधि पूर्वक किया गया इसके उपरांत पारंपरिक प्रथा अनुसार शाम 4 बजे से श्रीराम जी का डोला निकालकर कर नगर में भ्रमण करवाया जाता जिसके दर्शनों के लियें श्रद्धालु भक्तों की भीड लंगी रहती है। श्रीराम जी का डोला मुेय मार्गो से होकर नगर के राजारानी तालाब में पहुंचता है। जंहा मंहत श्री लक्ष्मीनारायणदास वैष्णव, केवट, कहार ढीमर समाज द्वारा श्रीराम जी का स्नान आदि कर आरती पूजन किया जाता है। तत्पश्चात ग्राम देवी मॉ शीतला माता से श्रीराम जी भेंट करते है। वंही भक्तो को प्रसाद वितरण भी किया जाता है। मॉ शीतला मंदिर मे श्रीराम की भेंट पश्चात श्रीराम जी का डोला आगे की ओर प्रस्थान करता है। मार्ग पर जितने भी मंदिर होते है उन मंदिरो मे भगवान श्रीराम जी के द्वारा श्रीफल भेंट किया जाता है। डोला नगर के मुेय स्थल बस स्टैण्ड पंहुचकर वापस श्रीराम मंदिर के लिये प्रस्थान करते है।

हजारो की सेंया मे श्रृद्धालु गण श्रीराम जी के डोले के दर्शन कर डोले के नीचे से सर नवाते हुये निकलते है एवं श्रीराम जी का आशिर्वाद प्राप्त कर मना इच्छित फल मंगाते है। श्रीराम जी का डोला मॉ लंजकाई मंदिर, नये राम मंदिर, संतोषी माता मंदिर, गणेश मंदिर, हनुमान मंदिर मे भी श्री रामजी का डोला भेंट करते हुये आगे बढता है।

## केवट समुदाय ने डीजे बाजे गाजे के साथ निकाली रामजी की सवारी..

श्रीराम जी के डोले के विशेषता यह होती है कि इस डोले को केवट/ढीमर समाज के लोग ही उठाते है मान्यता है कि राम जी को केवट ने ही नदी पार करवाया था इसी उद्देश्य से यह प्रथा चली आ रही है जिसमे सदियो से पुराने राम मंदिर से निकलने वाले डोला केवटो द्वारा ही उठाया जाता है प्रारंभ से अंत तक एवं श्रीरामजी के डोला यात्रा के दौरान भक्तो को धनिया पंजरी से बना प्रसाद ही वितरण किया जाता है। प्रतिवर्ष की अपेक्षा केवट समुदाय के द्वारा इस वर्ष रामजी की सवारी डीजे बाजे गाजे के साथ निकाली गई केवट समुदाय के सभी लोगो के द्वारा नारे लगाते हुये एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के उद्घोष के साथ रामजी का डोला उठाते हुये चले एवं श्रृद्धालु भक्तो को दर्शन करवाया गया।

# सनशाइन किड्स प्ले स्कूल का परिक्षा परिणाम सराहनीय















**जगप्रेरणा लांजी।**

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को घोषित किया गया जिसमें नगर में संचालित शिक्षण संस्था सनशाइन किड्स प्ले स्कूल लांजी का पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय के कक्षा आठवीं में कुल आठ विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इसी क्रम में कक्षा पांचवी से 19 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा।

कक्षा आठवीं में कु. पावनी नरेंद्र नागफशे 82 प्रतिशत से प्रथम स्थान, कु अनन्या अविनाश रैच 81 प्रतिशत से द्वितीय स्थान एवं सायली सेवेंद्र दुरूगकर 80 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में शारदा कावरे 77, कुलदीप लिल्हारे 69 एवं सभी छात्र-छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन दिया। कक्षा पांचवीं में कु राशि धीरंदास लिल्हारे, 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, समर्थ महेंद्र बैठवार 82.2 प्रतिशत से द्वितीय स्थान एवं साक्षी अशोक मात्रे 81.2 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में माही बालाजी येवले 81, रिद्ध पांचे 80.5, प्राची लिल्हारे 80.2, मीठी कर्राहे 80, नमन भीमटे 76.6, अर्थ सातपुते 75 2, दीप्ति बडगैया 75, हिमांशु धारने 74, यशिमत खरे 73.2 प्रति, श्रेयश सोमनकर 72.7, निशांत भीमटे 70.2, जय मरठे 70, प्रणीत सहारे 68, पर्व पिपरे 67.5, लवेश वल्थरे 64.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के संचालक अविनाश रैंच, प्रधान पाठिका श्रीमती योगेश्वरी अविनाश रैंच तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की है।

# भिलाई मार्ग पर शुरू होने वाली शराब दुकान का वार्डवासियों ने किया विरोध..

## नगर परिषद से नहीं लिया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र..





**जगप्रेरणा लांजी।**

नगर के भिलाई मार्ग पर रिहायशी ईलाकें में अवैध रूप से देशी विदेशी शराब दुकान खोले जाने को लेकर वार्ड पार्षद सौरभ मोनू पशीने सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं वार्ड वासियों ने सीधा विरोध जताते हुये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर बिना नगर परिषद के एनओसी के शराब दुकान खोली जा रही है जिसे तत्काल हटाया जाये जिस पर 27 मार्च को राजस्व अमला, नगरीय प्रशासन के द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से उक्त नव निर्मित शराब दुकान का ढांचा हटाया गया है। बतादे कि वार्ड पार्षद सौरभ मोनू पशीने, पूनम शरद आसटकर, मुकेश रणदिवे सहित स्थानीय वार्ड वासियों एवं जनप्रतिनिधि ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी को 27 मार्च को एक शिकायत प्रस्तुत की गई विषयान्तर्गत लेख है वार्ड क्रमांक 11 में भिलाई मार्ग पर स्थित डबल मनी वालों की प्रतिबंधित भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से खोली जा रही नवीन शराब दुकान को नगर परिषद के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बगैर खोली जा रही है जिसे तत्काल रोका जाये।

आवेदन में यह भी लेख है हम सभी वार्ड वासी वार्ड क्रमांक 03, 11, 12 के समस्त नागरिक एवं पार्षद गण ने कहा कि नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 11 में भिलाई मार्ग पर महाराष्ट्र बैंक के पास में डबल मनी के आरोपी कंकरायेने परिवार बोलेगांव की रकबा नंबर 0.10/0.041 हेक्टेयर भूमि खाली पड़त भूमि है। जो शासन के द्वारा खरीदी बिक्री हेतु प्रतिबंधित कर रखी है उक्त वर्णित भूमि स्वामी हक की खाली भूमि पर बेजा कब्जा करने अनिल शिवहरे एण्ड कंपनी ग्वालियर के द्वारा देशी विदेशी शराब की बिक्री नवीन दुकान बगैर नगर परिषद के अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये अवैध रूप प्रारंभ की जा रही थी तथा इस हेतु टीन शेड का निर्माण किया जा रहा था जबकि उक्त भूमि से लगकर ही बैंक ऑफमहाराष्ट्र शाखा लांजी 10 मीटर के भीतर ही है तथा 100 मीटर के अन्दर ही छोटे छोटे बच्चो का स्कूल साकेत पब्लिक स्कूल लांजी संचालित है। जहां कक्षा 1 से 12 तक के बच्चो का प्रतिदिन आना जाना होता है तथा लगभग 150 मीटर की दुरी में माँ गायत्री देवी का मंदिर स्थापित है जहां भक्तो का दैनिक आना जाना होता उक्त भूमि के चारो ओर रहवासी क्षेत्र है, इस क्षेत्र में नवीन शराब दुकान प्रारंभ होने से वार्ड का माहौल गंदा हो जायेगा तथा शराबियों का उक्त स्थान पर आने जाने से एवं शराबियों की गाली गलौच आदि से वार्ड का माहौल खराब होता रहेगा तथा स्कूली बच्चो पर उक्त शराब दुकान के खुलने से निश्चित रूप से बुरा असर पड़ेगा। तथा हम वार्ड वासी भी नही चाहते की हमारे वार्ड मे शराब दुकान प्रारंभ हो इस कारण शराब की अवैध दुकान को उक्त स्थान पर खोले जाने से रोका जाना नितांत आवश्यक है। उल्लेखनीय है उक्त भूमि वर्तमान मे डबल मनी के फरार आरोपी कंकरायेने परिवार बोलेगांव की है। जिसका फायदा शराब कंपनी के ठेकेदार के द्वारा लिया जा रहा है। नवीन दुकान खोले जाने हेतु ठेकेदार के द्वारा भूमि स्वामी से कोई अनुमति या सहमति भी प्राप्त नही की गई है। ऐसी स्थिती में भी उक्त शराब दुकान को प्रारंभ करने से रोका जाना नितांत आवश्यक है।

## राजस्व विभाग, नगरीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने त्वरित की कार्यवाही..

शिकायत आवेदन प्राप्त होते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा तहसीलदार लांजी, सहित नगरीय प्रशासन को उक्त संपूर्ण विषय जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये जिस में नगरीय प्रशासन सीएमओ मयूर वाहने के राजस्व अमले एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर मौका स्थल पर पंहुचकर पंचनामा आदि कार्यवाही पूर्ण कर यह देखा की बिना अनुमति के शराब निविदाकार के द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर लोहे का ढांचा खड़ा किया जा रहा है जिस पर कार्यवाही करते हुये उक्त भूमि से लोहे से बना शेड हटाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी दीप सिंह परमार एवं पुलिस बल लांजी, सीएमओ मयूर वाहने एवं नगरीय प्रशासन अमला सहित आरआई पटवारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की त्वरित कार्यवाही को सराहा गया..

स्थानीय पार्षद, वार्ड वासियों के द्वारा दी गई शिकायत पर त्वरित कार्यवाही होने के चलते वार्ड वासियो ने प्रशासन के इस कार्य की सराहना की है उन्होने कहा कि बिल्कुल बर्दाशत नही किया जाता यदि यह शराब दुकान उक्त स्थान पर खुल जाती तो। शराब दुकाने खोले जाने से पहले सोचना समझना चाहिये की हम कहा शराब दुकान खोल रहे है और इससे स्थानीय वार्ड वासियों को स्कूल कॉलेज के बच्चो को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वार्ड पार्षद सहित वार्ड वासियो ने उक्त कार्यवाही पर प्रशासन का आभार व्यक्त किया है साथ ही यह भी कहा कि प्रशासन इस बात का भी ध्यान रखे की ऐसे ही कोई अन्य स्थान पर भी शराब दुकान खोली ना जाये, शराब दुकान खोले जाने को लेकर मध्यप्रदेश आबकारी एवं राजस्व विभाग के जो नियम कानून लागू होते है उसी अनुसार दुकानें संचालित की जाये।

# राज भारती प्रोमिनेंसी कॉन्वेंट में 5 वीं, 8 वीं बोर्ड का परिक्षा परिणाम शतप्रतिशत..





















**जगप्रेरणा लांजी।**

***राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 25 मार्च को कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।***

जिसमें राजभारती प्रोमिनेंसी कॉन्वेंट स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा आठवीं हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम से कुल 51 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहें।

कक्षा आठवीं अंग्रेजी माध्यम में तनवी रूमेन्द्र बोपचे 91.83 प्रतिशत से प्रथम, लीना घनश्याम मातरे 90.33 प्रतिशत से द्वितीय एवं हिमांशी गजेन्द्र टिकेश्वर 90 प्रतिशत से तृतीय स्थान रहा। इसी क्रम में कक्षा आठवीं हिन्दी माध्यम में उमंग सुनील कुमार नेवारे 84.33 प्रतिशत से प्रथम, याचना जयलाल धारणे 83.83 प्रतिशत से द्वितीय, आराध्या नरेन्द्र बंसोड़ 82 प्रतिशत से तृतीय।

कक्षा पांचवी अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम से कुल 64 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहें। कक्षा पांचवी अंग्रेजी माध्यम में तेजल सुभाष चौधरी 93 प्रतिशत से प्रथम, वेदिका संजय हिरेन्द्रवार 92.25 प्रतिशत से द्वितीय एवं वंशिका अनिल वाकले 91.25 प्रतिशत से तृतीय स्थान रहा।

इसी तरह कक्षा पांचवी हिन्दी माध्यम लक्ष जितेन्द्र अस्तने 89.75 प्रतिशत से प्रथम, ओम लालचंद कचवाहे 89 प्रतिशत से द्वितीय एवं अंशिका संतलाल कुचलाहे 88.25 प्रतिशत से तृतीय स्थान रहा।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के संचालक रितेश कर्राहे, प्रधानपाठिका श्रीमती कांती कर्राहे तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जल संवर्धन अभियान के तहत मुख्य मार्ग पर जल मंदिर शुरू..




**जगप्रेरणा लांजी।**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार व कलेक्टर मृणाल मीणा जी व जिला सीईओ के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन संचालित है। जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतो की साफ-सफाई, गहरीकरण और बोरीबंधान आदि कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी कड़ी मे म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन व विकासखण्ड-लांजी समन्वयक संतोष नगपुरे के निर्देश में नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी(म.प्र.) द्वारा, श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ''जल मंदिर'' (प्याऊ) का उद्घघाटन नवांकुर कार्यलय मेन रोड के समीप किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल सेवा-मानस सेवा पुनीत कार्य की शुरूआत नवांकुर संस्था सचिव रमेश आसटकर द्वारा की गई। इस अवसर पर वि.ख. समन्वयक संतोष नगपुरे, संस्था के उपाध्यक्ष-नरेश आसटकर, कोषाध्यक्ष-रेखा आसटकर, सदस्या-किरण आसट्कर, संजीवकुमार सोनवाने, हरिराम महेरबान, सुधीर जी चौहान, ओम, राज, माता जी रंभाबाई इत्यादि की सहभागिता में इस पुनित कार्य की शुरुआत किया गया। नवांकुर संस्था ने इस वर्ष सेक्टर के सभी ग्रामो के अलावा अन्य स्थानों पर जल मंदिर (प्याऊ) प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि जनता को इस जल मंदिर प्याऊ का लाभ प्राप्त हो सके।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## वैश्विक ऊर्जा संकट बनाम लॉकडाउन की आशंका?- क्या दुनियाँ फ़िर कोविड-19 जैसे दौर की ओर बढ़ रही है या यह केवल भय और अफवाहों का जाल है? -समग्र विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी ने दुनियाँ को जिस तरह से झकझोर कर रख दिया था,उसकी स्मृतियाँ आज भी लोगों के मन में ताज़ा हैं। 2020-21 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन,आर्थिक गतिविधियों का ठप होना,सड़कों पर सन्नाटा और अनिश्चित भविष्य ये सब अनुभव आज भी समाज की सामूहिक चेतना में गहराई से बसे हुए हैं।ऐसे में जब 2026 में ऊर्जा संकट, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और सरकारों की लगातार बैठकों की खबरें सामने आती हैं,तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में यह सवाल उठता है,क्या दुनियाँ एक बार फ़िर लॉकडाउन की ओर बढ़ रही है? क्या यह एक नए प्रकार का ऊर्जा लॉकडाउन होगा? या यह केवल अफ़वाहों औरसोशल मीडिया की उपज है?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि़ इस बार संकट का कारण कोई वायरस नहीं,बल्कि ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अनिश्चितताएँ हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका ने कई देशों को सतर्क कर दिया है। कुछ देशों में बिजली की खपत कम करने के लिए स्कूल-कॉलेजों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है,सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में केवल चार दिन काम का मॉडल अपनाया जा रहा है, और वर्क फ्रॉम होम को फ़िर से प्रोत्साहित किया जा रहा है।यह स्थिति भले ही कोविड जैसी स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव उतने ही गहरे हो सकते हैं।श्रीलंका जैसे देशों में पहले से ही ऊर्जा संकट के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि ऊर्जा संकट केवल आर्थिक समस्या नहीं है,बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और नागरिक जीवन को भी सीधे प्रभावित करता है।भारत की स्थिति की व्याख्या हम,सतर्कता लेकिन घबराहट नहीं के रूप में कर सकते हैं,भारत भी इस वैश्विक संकट को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 26 मार्च 2026 को शाम साढ़े छह बजे बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है।इन बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में तेल,गैस और अन्य आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के पास लगभग 60 दिनों का ईंधन भंडार उपलब्ध है, जो तत्काल किसी बड़े संकट की संभावना को कम करता है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।वित्त मंत्री संसदीय कार्य मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री ने संयुक्त रूप से बयान देकर इन अफ़वाहों को खारिज किया है। भारत में लॉकडाउन के संदेह का जन्म संसद में पीएम के बयान की गलत व्याख्या,अफ़वाहों के कारण कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग की स्थिति उत्पन्न हुई, इंडियन ऑइल कारपोरेशन और भारत पेट्रोलियम ने सफाई दी हैसरकार का स्पष्ट संदेश है कि़ देश में पर्याप्त फ्यूल स्टॉक मौजूद है। लॉकडाउन और फ्यूल क्राइसिस की खबरें पूरी तरह भ्रामक है सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी से सतर्क रहने की अपील की गई है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है और ऐसी अफ़वाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीयमंत्री ने सोशल मीडिया पर चल रही लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह गलत और हानिकारक बताया है। लोग घबराएं नहीं और न ही अफ़वाहों पर ध्यान दें, क्योंकि ईंधन और जरूरी वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया और अफ़वाहों का तंत्रः डर का नया स्रोत इसको समझने की करें तो आज के डिजिटल युग में सूचना जितनी तेजी से फैलती है,उतनी ही तेजी से भ्रम और अफ़वाहें भी फैलती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऊर्जा लॉकडाउन और

देशव्यापी बंदी जैसे शब्द ट्रेंड करने लगे,जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया।पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने लगीं,गैस सिलेंडर और आवश्यक वस्तुओं की खरीद अचानक बढ़ गई।यह स्थिति बताती है कि संकट केवल वास्तविक नहीं होता, बल्कि उसकी धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है,तो उनका व्यवहार भी उसी अनुसार बदल जाता है,चाहे वास्तविक स्थिति उतनी गंभीर न हो।

साथियों बात अगर हम भारत की रणनीतिः संतुलन और स्थिरता को समझने की करें तो भारत ने पिछले कुछवर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में विविधीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा पर बढ़ता जोर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, और आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण ये सभी कदम भारत को इस प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम बनाते हैं।सरकार का वर्तमान फोकस स्पष्ट हैःआपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखना,कीमतों को नियंत्रित रखना,जनता में घबराहट को रोकना,जनता की भूमिका-संयम और जागरूकता- किसी भी संकट के दौरान सरकार की नीतियों के साथ-साथ जनता का व्यवहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि लोग अफ़वाहों पर विश्वास करके अनावश्यक खरीददारी करते हैं, तो इससे कृत्रिम संकट उत्पन्न हो सकता है।इसलिए यह आवश्यक है कि लोग केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक बयानबाज़ी और उसके़ प्रभाव को समझने की करें तो,इस पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक बयानबाज़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बार फ़िर लॉकडाउन लगा सकती है और लोगों को घरों में कैद कर सकती है।उन्होंने 2021 के लॉकडाउन और चुनावों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी।हालांकि, ऐसे बयान अक्सर राजनीतिक दृष्टिकोण से दिए जाते हैं,लेकिन इनका असर आमजनता पर गहरा पड़ता है। जब एक वरिष्ठ नेता इस तरह की आशंका व्यक्त करता है, तो लोगों के मन में अनिश्चितता और भय और अधिक बढ़ जाता है।

साथियों बात अगर हम पीएम के संसद में बयान और उसके़ गलत अर्थ को समझने की करें तो,सोशल मीडिया पर यह दावा भी किया गया कि पीएम ने संसद में अपने संबोधन के दौरान लॉकडाउन का संकेत दिया था।लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्होंने केवल कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए यह कहा था कि हमें हर प्रकार की चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। इस बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई।यह घटना यह दर्शाती है कि किस तरह आधी-अधूरी जानकारी या संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किए गए बयान बड़े पैमाने पर सटीक रूप से गलतफ़हमी पैदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम,क्या वैश्विक स्तरपर ऊर्जा लॉकडाउन संभव है? इसको समझने की करें तो,ऊर्जा लॉकडाउन का विचार नया है, लेकिन पूरी तरह असंभव नहीं। यदि ऊर्जाआपूर्ति में भारी कमी आती है,तो सरकारें बिजली और ईंधन की खपत को नियंत्रित करने के लिए कुछ प्रतिबंधात्मक उपाय लागू कर सकती हैं।हालांकि, यह कोविड-19 जैसे पूर्ण लॉकडाउन से अलग होगा।ऊर्जा संकट के दौरान संभावित उपायों में शामिल हो सकते हैंः(1)औद्योगिक गतिविधियों को सीमित करना (2) कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना (3) सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देना (4) बिजली और ईंधन की खपत परनियंत्रण लेकिन इन उपायों का उद्देश्य जीवन को पूरी तरह रोकना नहीं, बल्कि संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करना होगा।

साथियों बात अगर हम इस पूरी स्थिति को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्यः में समझने की करें तो ऊर्जा और भू-राजनीति का जटिल संबंध है,ऊर्जा संकट केवल किसी एक देश की समस्या नहीं है,बल्कि यह एक वैश्विक चुनौती है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनियाँ पर पड़ रहा है। तेल और गैस कीआपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।फ्रांस में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने भी स्पष्ट किया कि भारत किसी बिचौलिया देश की भूमिका नहीं निभा सकता। उनका यह बयान भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को दर्शाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वास्तविकता बनाम धारणा, वर्तमान स्थिति को यदि समग्र रूप से देखा जाए,तो यह स्पष्ट होता है कि दुनियाँ एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है, लेकिन यह कोविड-19 जैसी स्थिति नहीं है। ऊर्जा संकट एक गंभीर मुद्दा है,लेकिन इसका समाधान लॉकडाउन नहीं,बल्कि बेहतर प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में निहित है।भारत सहित अधिकांश देशों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लॉकडाउन जैसी कोई योजना नहीं है। जो कुछ भी हो रहा है, वह सतर्कता और तैयारी का हिस्सा है,न कि किसी बड़े प्रतिबंध कीइसलिए यह कहा जा सकता है कि ऊर्जा लॉकडाउन की चर्चा अधिकतर अफ़वाहों और भय का परिणाम है वास्तविकता यह है किसरकारें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यक कदम उठा रही हैं। <

ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण है तथ्यों पर आधारित सोच, संयमित व्यवहार और सामूहिक जिम्मेदारी। दुनिया बदल रही है, चुनौतियाँ भी बदल रही हैं, लेकिन हर चुनौती का समाधान लॉकडाउन नहीं होता। इस बार भी, समाधान संतुलन, समझदारी और सहयोग में ही निहित है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## ‘मन ही मन गुनगुना रही’


मन ही मन गुनगुना रही,
मधुर-मधुर जो गान।
तुमने सुनकर दिया मुझे,
कृपावृष्टि का दान।
तुम रहते सर्वत्र प्रभु,
मैं धरा पर रहती।
जो भी मन में मन्थित होता,
उसे सहज में कहती।
अखिल जगत में गाया जाता,
प्रभुवर तुम्हारा गान।
तुमने सुनकर दिया मुझे,
कृपावृष्टि का दान।
तुम मिलते नीरवता में प्रभु,
मैं हर्षित हो जाती।
तुमसे कर अभिसार अनवरत,
मैं भक्ति को पाती।
त्रुटियाँ भले ही हों मुझमें,
देना न प्रभु ध्यान।
तुम्हारी कृपावृष्टि से प्रभुवर,
करूं मैं मधुरस पान।
पल्लव की हरियाली देखी,
अम्बर की ऊँचाई।
दसों दिशाओं में प्रभुवर,
तुम्हारी छाया पाई।
फ़िर भी न हो पाया प्रभु,
मुझसे अनुसंधान।
हे प्रभु दया करो कुछ ऐसी,
मिटे मेरा अज्ञान।
तुम्हारी आभा
तीनों भुवन में,
लेते तुम अवतार।
सृष्टि के कण-
कण में प्रभु,
स्नेहिल रसधार।
‘गंगेश्वरी’ गा रही,
तुम्हारा जयगान।
तुमने सुनकर दिया मुझे,
कृपावृष्टि का दान।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम गंगेश्वरी’. नैनपुर.


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 79



ck;s ls nk;s & 1) भलाई, सेवा व सहायता 5) आसमान, गगन 8) अपरिचित व्यक्ति 13) सपना, निद्रा की अवस्था में चित्त –गोचर अनुभव 15) जीवनयापन का ढ़ंग 18) पुरी तरह से नष्ट होना 19) गिरीश कर्नाड और जयाप्रदा की एक पुरानी फिल्म 21) रद्द करना 23) उपपति, स्त्री का प्रेमी 24) दिवंगत अभिनेता, गायक किशोरकुमार के गायक बेटे का नाम 25) जनानखाना 27) योगासन में से एक 29) राजा जनक के दामाद 30) एक देश जिसकी राजधानी तेहरान है 32) एक द्वीप 33) नाव का वह अंग जिससे उसे घुमाया या मोड़ा जाता है 34) उचित 37) स्नान कराना 39) किस समय़ 41) पानी 42) संजय दत्त की मां का नाम 44) एक धातू 46) सरकना, जरा अलग होना 47) वस्तू 48) अनुचित 49) केश 50) तुच्छ 51) किसी चीज आदि को रोक लेना 52) मां 53) नदी का किनारा 54) जुम्मा जुम्मा देदे.... गीत वाली एक पुरानी फिल्म 55) अपचन 57) रंग बदलनेवाला एक जीववस्तू 59) लक्ष्मी 60) तस्कर 61) चित्त 62) तरीका 63) उड़ान (उर्दू) 64) वर्ण 65) अर्ध 66) गुलाम 67) एक रंग 69) फिल्म एक दुजे के लिये में कमल हसन का नाम 71) शव 73) एक किस्म की रोटी 74) लकड़ियां बेचकर जीवननिर्वाह करनेवाला 75) अनियंत्रित 77) अपनत्व 80) सियार 82) दौलत 84) धूत 85) पशू 86) रुकना, ठहरना 87) पक्षाघात 89) एक फल 91) कुंदनलाल नामक एक पुराने गायक अभिनेता का कुलनाम 93) हमेशा 94) ऊलजलूल 96) अवश्य 97) एक कंद जिसे खाने पर खुजलाहट होती है 98) पिता के पिता के पिता 100) प्रशंसा 102) दर्द देना 104) दुनियां 106) ठंड़ा 108) धन, समान 109) बहू की मां 110) लकड़ियां चीरने का एक औजार 111) अपराध 112) कला 113) अशिष्ट, गुस्ताख 114) सरिता, जल की धारा

Åij ls uhp :– 1) हृदय 2) वस्त्र पहनने का ढंग 3) श्रवणेंद्रिय 4) एक पुराने कृष्णभक्त मुस्लिम कवि 6) व्याकुल 7) एक मंगल वाद्य 8) अनभिज्ञ, अपरिचित, जानकारी का अभाव 9) विष 10) मनुष्य के शरीर की रक्तवाहिनी 11) रामायण में दशरथ का एक पुत्र 12) त्रिपुरा की राजधानी 14) वर्ष, साल 16) विष्णू 17) उपहार, वह वस्तु जो भेंट के रुप में दी जाये 19) राजा दशरथ की एक रानी 20) राजी कराना 22) अल्पवयस्क 24) मंत्री,, सचिव 26) दिवस 27) शामिल 28) सच 31) दानव 33) परिधान कराना 34) अपराधी,, अभियुक्त 35) नष्ट 36) पाकिस्तान का एक प्रमुख शहर 37) उपद्रवी,,चंचल, धूर्त 38) सुगंध देनेवाला एक फूल 40) बिना, सिवा 41) हमारे पहले प्रधान मंत्री 43) चुहे का आकार का एक जंतू 45) विपत्ती आना अर्थवाला एक मुहावरा 46) बिलकुल 47) एक एशियायी देश 50) मशहूर 52) एकत्र 53) तीर चलाने मे प्रवीण 55) दंगा 56) जताना 58) प्रस्थान 59) घिसना 64) निर्धन, कंगाल 65) पूजा, उपासना 68) लगना का भूतकाल 70) अच्छा मौका 72) कसम, प्रतिज्ञा 74) बालपन 76) सामर्थ्य, क्षमता 78) परदे में रहनेवाली 79) प्रणाम 81) पीसना 83) शांत करना 88) धोना (अंग्रेजी ) 89) गुनाह 90) शाप 91) सज्जित होना 92) बादल का आवाज करना 94) न्यायालय 95) नादान, मुर्ख 97) उजड़ा, निर्जन 98) समय का एक सुक्ष्म विभाग 99) बेटी का पति 101) हत्या, हिंसा 103) सच्चा, जिसमें खोट न हो 105) महीना 107) गीला ●
(जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## ‘साथ’

तुम साथ साथ चलना,
मेरा हाथ थामे रखना।
कभी हार में, कभी जीत में,
अपना साथ निभाए रखना।

इस जिंदगी के सफ़र में,
तुम साथ साथ चलना।
साथ में हम चलेंगे,
हर कदम पर साथ
निभाएंगे।

हर खुशी में, हर गम में,
तुम मेरे साथ रहना।
साथ में हम हंसेंगे,
साथ में हम जीएंगे।

जिंदगी के हर रंग में,
तुम मेरे साथ रहोगे।
साथ में हम चलेंगे,
इस जिंदगी के हर सफ़र में।

हर सुबह की धूप में,
तुम मेरे साथ होगे।
हर रात के सपने में,
तुम मेरे साथ होगे।

साथ में हम लड़ेंगे,
साथ में हम जीतेंगे।
जिंदगी के हर मुकाम पर,
तुम मेरे साथ रहोगे।

हमारे प्यार की कहानी,
बन जाएगी अफ़साना।
जिंदगी भर साथ रहेंगे,
तुम मेरे, मैं तुम्हारा।

तुम साथ साथ चलना,
मेरा हाथ थामे रखना,
कभी हार में, कभी जीत में,
अपना साथ निभाए रखना।
इस जिंदगी के सफ़र में,
तुम साथ साथ चलना,
साथ में हम चलेंगे,
हर कदम पर साथ
निभाएंगे।

सफ़र लम्बा है,
रास्ते कठिन हैं,
इस कठिन सफ़र में मेरा
हाथ थामे रखना,
तुम साथ-साथ चलना,
हर कदम पर साथ निभाए
रखना।

लेखक



हिमांशु हाड़गे
बालाघाट



जग प्रेरणा





# नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नयी दिल्ली, 27 मार्च (भाषा) अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया ।***

दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रूपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया। जफर इकबाल ने इस मौके पर कहा, 'मैं चाहता हूं कि भारतीय हॉकी टीम फिर से ओलंपिक चैम्पियन बने। ओलंपिक और विश्व कप जीतना आसान नहीं होता लेकिन मुझे टीम पर पूरा यकीन है कि हम फिर स्वर्ण पदक जीतेंगे।'

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरूष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है । उन्होंने यह भी कहा कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को देश में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन से बल मिलेगा।




उन्होंने कहा, 'भारतीय हॉकी का सौ साल का इतिहास रहा है जिसमें आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। अगर विरासत मजबूत हो तो भविष्य को संभालने में दिक्कत नहीं होती है।' खेल राज्यमंत्री रक्षा खड़से ने कहा, 'हमारे देश के इतिहास का अभिन्न अंग रही है हॉकी और विकसित भारत के विजन को आगे ले जाने में खेलों की बड़ी भूमिका रहेगी। भारत सरकार कारपोरेट जगत और प्रदेश सरकारों के सहयोग से भारतीय हॉकी को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये प्रतिबद्ध है।'

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला । हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। असाधारण उपलब्धि का पुरस्कार राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी को और जमन लाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार सिमडेगा के मनोज कोनबेगी को दिया गया ।

राजगीर, बिहार में हीरो एशिया कप जीतने वाली पुरूष टीम के सदस्यों को पुरस्कार के तौर पर तीन तीन लाख रूपये और सहयोगी स्टाफको डेढ लाख रूपये दिये गए । जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्यों को पांच लाख और सहयोगी स्टाफ को ढाई लाख रूपये का चेक दिया गया।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिये एक करोड़ 38 लाख रूपये और महिला टीम को 68 लाख रूपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिये गए जिनमें मनप्रीत सिंह को 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर चार लाख रूपये का चेक दिया गया।

# 14 दिनों में घट गया 4 किलो वजन, ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड का सूखकर हड्डी हो गया शरीर, 1 गलती पड़ी भारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस सबा आजाद के लिए बीते 14 दिन काफी मुश्किलों से भरे रहे हैं। बीमारी के चलते सबा आजाद को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जहां उनका 4 किलो वजन घट गया है। इतना ही नहीं शरीर सूखकर सिकुड़ गया है और पूरे 14 दिन आफत की तरह रहे हैं।***

सबा आजाद ने खुद इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। सबा ने एक पोस्ट शेयर किया जिसमें वे अस्पताल के बैड पर नजर आ रही हैं। उनकी हालत कमजोर है और उनका वजन काफी घटा हुआ दिख रहा है। सबा ने इसके पीछे की कहानी भी बताई है। सबा ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने फैन्स को अपनी सेहत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह बहुत मुश्किल दौर से गुज़र रही हैं और उनका 4 किलो से ज्यादा वजन कम हो गया है।

## क्या बोलीं सबा आजाद?

अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान ली गई एक तस्वीर के साथ जिसे अभिनेता और उनके बॉयफ्रेंड ऋतिक रोशन ने खींचा था उन्होंने संक्रमण के कारण अपने जीवन के सबसे बुरे 14 दिनों की बात कही। उन्होंने कहा कि सावधानी बरतने और ज्यादातर घर का बना खाना खाने के बावजूद, यह बीमारी अचानक हो गई।



सबा ने लिखा, 'मेरे जीवन के सबसे बुरे 14 दिन। साइक्लोस्पोरा कैटेनेन्सिस, तू कितना बुरा है, मेरे लिए, जो सिर्फ घर का बना खाना खाती है और हर जगह पानी की बोतल साथ रखती है, यह कीटाणु अचानक, मेरे लिए साल के सबसे व्यस्त समय में, हो गया। मैंने सिर्फ दो हफ्तों में 4 किलो वजन कम कर लिया है, जो मेरे पास बढ़ाने के लिए कुछ नहीं था, और मैं मुश्किल से चल पा रही हूं।'

## फैन्स को दी सब्जियां धोने की सलाह..

सबा ने लोगों को सब्जियों को धोने को लेकर भी सलाह दी है। उन्होंने आगे कहा, 'एक दिन मैं दिन में दो बार व्यायाम करती हूं, पुल-अप्स करती हूं, भारी वजन उठाती हूं, और अगले दिन मेरा वजन आधा हो जाता है, मुझमें एक टूथपिक उठाने की भी ताकत नहीं रहती, वजन उठाना तो दूर की बात है। इसलिए अपने पेट की सेहत के लिए, सलाद के पत्ते और सब्जियों को ऐसे धोएं जैसे आपकी जान उस पर निर्भर करती हो, क्योंकि कभी-कभी सचमुच ऐसा ही होता है।' सबा ने इस मुश्किल समय में उनका हौसला बढ़ाने और उनकी हालत के बावजूद कुछ खुशनुमा पल लाने के लिए ऋतिक को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने लिखा, 'ऋतिक रोशन जिन्होंने मेरे बेहद चिड़चिड़े मन को खुश रखा और हमेशा मुश्किल से मुश्किल हालात में भी हास्य ढूंढ लेते हैं।' ऋतिक रोशन और सबा कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और

सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार करने से कभी नहीं कतराते। ऋतिक ने करण जौहर के 50वें जन्मदिन के जश्न में सबा के साथ हाथ में हाथ डालकर प्रवेश करते हुए अपने रिश्ते की पुष्टि की थी।

# 'चट्टान की तरह उनके साथ हूं', मुस्लिम एक्टर से सोनाक्षी सिन्हा की शादी पर शत्रुघ्न सिन्हा ने किया रिएक्ट, बातों से जीते दिल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिग्गज अभिनेता और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के रिश्ते को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बहुत ही गर्मजोशी और मजबूती के साथ इस शादी का समर्थन किया है।***



शत्रुघ्न सिन्हा ने कपल को 'मेड फॉर ईच अदर' बताते हुए कहा कि उनकी यह शादी कानूनी रूप से पूरी तरह सही है और सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों इस रिश्ते में बहुत खुश हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वो हमेशा अपने बच्चों के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

## कपल को लेकर बोले शत्रुघ्न..

हाल ही में दिए गए न्यूज 18 के इंटरव्यू में जब शत्रुघ्न सिन्हा से उनके घर 'रामायण' और अलग-अलग धर्मों के बीच हुई इस शादी के बारे में सवाल पूछे गए तो उन्होंने बड़े ही बेबाक अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'सब कुछ बिल्कुल ठीक-ठाक है और हम बहुत खुश हैं। सोनाक्षी और जहीर एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं और दोनों एक-दूसरे के लिए ही बने हैं।' उन्होंने साफकर दिया कि परिवार में किसी तरह की कोई कड़वाहट नहीं है।

## 'मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी'..

शत्रुघ्न सिन्हा ने बच्चों की पसंद और उनकी आजादी पर जोर देते हुए कहा कि सोनाक्षी और जहीर दोनों अब एडल्ट हैं और अपने जीवन के फैसले खुद लेने में सक्षम हैं। उन्होंने मशहूर कहावत का जिक्र करते हुए कहा, 'बच्चे जवान हैं, अगर वे खुश हैं, मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी। हमें उनका साथ देना चाहिए।' उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि वह एक पिता के तौर पर पूरी मजबूती के साथ एक चट्टान की तरह अपनी बेटी और दामाद के साथ खड़े हैं।

## कब हुई थी शादी?

बता दें कि सोनाक्षी और जहीर ने साल 2024 में 'स्पेशल मैरिज एक्ट' के तहत शादी की थी। भारत में यह कानून दो अलग-अलग धर्मों के लोगों को बिना धर्म बदले शादी करने की अनुमति देता है। हालांकि इस शादी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई थी, लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा के इस बयान ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है।

## कैसे शुरू हुई सोनाक्षी और जहीर की प्रेम कहानी?

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की पहली मुलाकात करीब 10 साल पहले 2016 में सलमान खान द्वारा दी गई एक पार्टी में हुई थी। सलमान खान दोनों के ही मेंटर (गुरु) रहे हैं। वहीं से शुरू हुई उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। साल 2017 से ही दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे थे, लेकिन शुरुआत में उन्होंने अपने रिश्ते को दुनिया से छिपाकर रखा।


## कब चर्चा में आई केमिस्ट्री?

उनकी केमिस्ट्री तब ज्यादा चर्चा में आई जब उन्होंने 2022 में फिल्म 'डबल एक्सएल' में साथ काम किया। पर्दे पर और असल जिंदगी में उनकी बॉन्डिंग साफ नजर आती थी। अक्सर सोशल मीडिया पर उनके मजेदार वीडियो और साथ में बिताए पलों की तस्वीरें वायरल होती रहती थीं। लगभग सात साल तक एक-दूसरे को समझने और डेट करने के बाद, साल 2024 में उन्होंने शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया। यह शादी उनके लंबे समय के भरोसे और आपसी समझ का नतीजा है।

# ब्रेस्ट कैंसर के आगे बेबस हुई 'सेक्रेड गेम्स' की हीरोइन, इमोशनल पोस्ट में खोल कर रख दिया दिल, फैंस हुए परेशान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' में अपनी बेहतरीन अदाकारी से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री राजश्री देशपांडे इन दिनों अपने जीवन के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही हैं।***



हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक पोस्ट साझा कर खुलासा किया कि उन्हें 'ग्रेड 1 ब्रेस्ट कैंसर' का पता चला है और इसकी वजह से उन्हें सर्जरी करानी पड़ी है। इस खबर ने न केवल उनके फैंस को हैरान कर दिया है, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री में चिंता की लहर दौड़ गई है। 27 मार्च को साझा किए गए उनके इस पोस्ट में दर्द, संघर्ष और उससे लड़ने की अटूट इच्छाशक्ति की झलक दिखी। अब उन्होंने एक और पोस्ट साझा कर अपना दर्द बयां किया है।

## राजश्री देशपांडे ने दिखाई अस्पताल की तनहाई..

राजश्री ने अपनी इस जर्नी को बयां करते हुए अस्पताल की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह बेड पर लेटी नजर आ रही हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने उस पल को याद किया जब उन्हें पहली बार अपनी बीमारी के बारे में पता चला था। राजश्री लिखती हैं कि हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट सेंटर के बाहर जब उन्हें कैंसर की पुष्टि हुई तो वह बिल्कुल अकेली थीं और खुद को संभाल नहीं पाईं। वह लम्हा इतना भारी था कि वह फूट-फूटकर रो पड़ी थीं।

उन्होंने ईमानदारी से स्वीकार किया कि उस समय उनमें कोई हिम्मत या ताकत नहीं बची थी। अक्सर लोग उनसे पूछते हैं कि इतनी फिट और स्वस्थ जीवनशैली होने के बावजूद उन्हें यह बीमारी कैसे हुई, लेकिन राजश्री के पास इसका कोई तार्किक जवाब नहीं है।

## शारीरिक तकलीफ से कहीं ज्यादा मानसिक आघात..

कैंसर की लड़ाई केवल शरीर तक सीमित नहीं होती और राजश्री ने इसी मानसिक और भावनात्मक पहलू पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि शारीरिक दर्द तो एक तरफथा, लेकिन मानसिक तौर पर जो उन्होंने सहा, वह असहनीय था। वह कई बार पूरी तरह टूटकर बिखर गईं।

कभी वह बंद कमरों में अकेले रोती थीं तो कभी अपने करीबी दोस्तों के सामने अपना दुख साझा करती थीं। हालांकि उन्होंने अपने दोस्तों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने हर कदम पर उन्हें संभाला। राजश्री का कहना है कि टूटने के बावजूद कई दिन ऐसे भी आए जब उन्होंने खुद को फिर से समेटा और यह संकल्प लिया कि वह इस बीमारी के आगे घुटने नहीं टेकेंगी।

## कभी-कभी सिर्फ शांत रहना चाहती हैं एक्ट्रेस..

अपनी लंबी पोस्ट में राजश्री ने मैरी ओलिवर की कविता का जिक्र करते हुए लिखा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब उन्हें योद्धा बनने की या दुनिया भर की ताकत जुटाने की इच्छा नहीं होती। उन दिनों वह बस शांत रहना चाहती हैं। वह अपनी खिड़की पर बोगनवेलिया की बेल पर बैठी गौरैयों के साथ उगते सूरज को निहारते हुए सुकून तलाशती हैं। उनके लिए आज सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वह

सुबह एक मुस्कान के साथ उठ सकीं। उन्होंने खुद को एक प्यार भरा हग) दिया और उन सभी लोगों को याद किया जो इस मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने उन सभी शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें फोन, मैसेज और दुआओं के जरिए हिम्मत दी। हालांकि वह जानती हैं कि आने वाला कल फिर से नई चुनौतियों और स्वास्थ्य संबंधी लड़ाइयों को लेकर आएगा, लेकिन फिलहाल वह इस पल को केवल प्यार और पॉजिटिव एनर्जी के नाम करना चाहती हैं।

# दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ने लिया संन्यास

## रियो ओलंपिक में रचा था इतिहास..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बैडमिंटन जगत में एक युग का अंत हो गया है। स्पेन की दिग्गज शटलर कैरोलिना मारिन ने 26 मार्च को अपने करियर को अलविदा कह दिया है। घुटने की लगातार परेशानी ने आखिरकार उन्हें यह कठिन फैसला लेने पर मजबूर कर दिया।***



सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक भावुक वीडियो में उन्होंने यह ऐलान किया। वीडियो के कैप्शन में लिखा- उनकी जर्नी यहीं खत्म होती है। उन्होंने साफकहा कि अब वह अपने शरीर को और जोखिम में नहीं डालना चाहतीं। मारिन ने कहा कि उनका प्रोफेशनल बैडमिंटन करियर अब खत्म हो गया है और इसलिए वह यूरोपियन चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लूंगी। वह चाहती थी कि आखिरी बार कोर्ट पर उतरें, लेकिन इसके लिए वह अपने शरीर को खतरे में नहीं डाल सकती।

## शानदार करियर का सुनहरा अंत

32 साल की मारिन का करियर बेहद शानदार रहा। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। इसके अलावा वर्ल्ड चैंपियनशिप में 4 मेडल अपने नाम किए। साथ ही, उन्होंने 7 यूरोपियन खिताब भी जीते। मारिन की सबसे चर्चित प्रतिद्वंद्विता भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू के साथ रही। दोनों खिलाड़ियों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हुए। मारिन ने 2016 में रियों ओलंपिक के फाइनल में सिंधु को हराकर गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद 2018 वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में भी उन्होंने सिंधु को मात दी थी।

## फैंस को कहा धन्यवाद..

मारिन ने अपने संदेश में कहा कि काश वह अपने करियर का अंत अलग तरीके से कर पाती, लेकिन जिंदगी हमेशा हमारी मर्जी के अनुसार नहीं चलती। उन्हें अपने फैसले पर कायम रहना है। उन्होंने आगे कहा कि वह गर्व के साथ जा रही है। सिर्फखिताब ही नहीं, बल्कि खेल जगत में जो सम्मान मिला, वह उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

हालांकि मारिन यूरोपियन चैंपियनशिप में खेलती नजर नहीं आएंगी, लेकिन वह मौजूद रहेंगी। कैरोलिना मारिन का बैडमिंटन करियर बेहद शानदार रहा। उन्होंने रियो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के अलावा 4 बार वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं, एक बार उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वह लंबे समय तक दुनिया की नंबर-1 शटलर भी रहीं।

# दो बार के ओलंपिक पदक विजेता गुरजंत ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम का हिस्सा रहे फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया।***



भारत के लिये 2017 में पदार्पण करने वाले 31 वर्ष के गुरजंत ने 130 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 33 गोल किये। पिछले साल जून में आखिरी बार भारत के लिये खेलने वाले गुरजंत ने यहां हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की।

गुरजंत ने कहा ,'मैने यहां मौजूद दिग्गजों को देखकर हॉकी खेलना शुरू किया था और उनके साथ भारत के लिये खेलने का मेरा सपना पूरा हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकूंगा।' उन्होंने कहा , 'मेरा यह सफर बहुत अच्छा रहा और तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद ऐतिहासिक पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहा। इसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 में भी उसे प्रदर्शन को दोहराया। मैं बहुत खुशी और गर्व के साथ विदा ले रहा हूं।' गुरजंत के नाम सबसे तेज अंतरराष्ट्रीय गोल का भारतीय रिकॉर्ड भी है उन्होंने एफआईएच प्रो लीग 2020 में नीदरलैंड के खिलाफ13 सेकंड में गोल दागा था। उन्होंने यह भी कहा कि वह घरेलू हॉकी और लीग खेलते रहेंगे लेकिन कोचिंग के बारे में अभी सोचा नहीं है। गुरजंत ने कहा, 'मैंने पिछले जून के बाद से अंतरराष्ट्रीय हॉकी नहीं खेली है । इस साल हॉकी इंडिया लीग खेली और आगे भी खेलूंगा । लेकिन कोचिंग को लेकर अभी सोचा नहीं है।' उनके साथी खिलाड़ी रहे दिग्गज गोलकीपर पी आर श्रीजेश संन्यास के बाद जूनियर टीम के कोच बने जिसने पिछले साल चेन्नई में एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। अमृतसर के खैलारा गांव में जन्मे गुरजंत लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे थे और उन्होंने फाइनल में गोल भी दागा था। इसके अलावा वह एशियाई खेल 2023 और 2017 एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे । उन्हें 2021 में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था । हॉकी इंडिया ने उन्हें पुरस्कार समारोह के दौरान सम्मानित करके पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433






# केंद्र की वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में बाजार से 8.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार राजस्व अंतर को पूरा करने के लिए 2026-27 के अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिये बाजार से आठ लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।***

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि 2026-27 के बजट अनुमान में सकल बाजार उधारी 17.20 लाख करोड़ रुपये थी। बजट पेश होने के बाद से परिपक्व हो चुकी कुछ सरकारी प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद से सकल बाजार उधारी घटकर 16.09 लाख करोड़ रुपये रह गई।

उसने कहा, '' 16.09 लाख करोड़ रुपये में से 8.20 लाख करोड़ रुपये (51 प्रतिशत) पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिये उधार लेने की योजना है। इसमें 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।''

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत के बराबर अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का प्रस्ताव रखा था। कुल राशि के रूप में 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 16.9 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

उन्होंने बजट पेश करते समय कहा था, '' राजकोषीय घाटे को वित्तपोषित करने के लिए दिनांकित प्रतिभूतियों से शुद्ध बाजार उधारी 11.7 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। शेष वित्तपोषण लघु बचत एवं अन्य स्रोतों से आने की उम्मीद है। सकल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।''

बयान के अनुसार 8.2 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी 26 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से पूरी की जाएगी। बाजार से उधारी 3, 5, 7, 10, 15, 30, 40 और 50 वर्ष की प्रतिभूतियों में की जाएगी।

विभिन्न परिपक्वता अवधियों के तहत उधारी (एसजीआरबी सहित) का हिस्सा तीन वर्ष (8.1 प्रतिशत), पांच वर्ष (15.4 प्रतिशत), सात वर्ष (8.1 प्रतिशत), 10 वर्ष (29 प्रतिशत), 15 वर्ष (14.5 प्रतिशत), 30 वर्ष (7.3 प्रतिशत), 40 वर्ष (8 प्रतिशत) और 50 वर्ष (9.6 प्रतिशत) होगा।

संस्थागत एवं खुदरा निवेशकों को अपने निवेश की योजना प्रभावी ढंग से बनाने में सक्षम बनाने तथा सरकारी प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता एवं स्थिरता प्रदान करने के लिए सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से इस अवधि के दौरान प्रति सप्ताह 28,000 करोड़ रुपये से 34,000 करोड़ रुपये तक उधार लेने की योजना बनाई है।

इस कैलेंडर के अंतर्गत आने वाली सभी नीलामियों में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली की सुविधा होगी जिसके तहत अधिसूचित राशि का पांच प्रतिशत निर्दिष्ट खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रहेगा।

सरकार ने कहा कि जैसा कि पहले भी होता रहा है, वह आरबीआई के परामर्श से अधिसूचित राशि, निर्गम अवधि, परिपक्वता आदि के संदर्भ में इस कैलेंडर में आवश्यकतानुसार संशोधन करने तथा बाजार को पूर्व सूचना देकर गैर-मानक परिपक्वता वाले साधन, 'फ्लोटिंग रेट बॉन्ड' (एफआरबी) तथा मुद्रास्फीति-सूचकांकित बॉन्ड (आईआईबी) सहित विभिन्न प्रकार के साधन जारी करने की मजबूती बनाए रखेगी। यह निर्णय आवश्यकताओं, बदलती बाजार परिस्थितियों और अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर लिया जाएगा।

केंद्र सरकार नीलामी अधिसूचनाओं में दर्शाई गई प्रत्येक प्रतिभूति के लिए 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त अभिदान बनाए रखने के लिए 'ग्रीनशू' यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने विकल्प का उपयोग करने का अधिकार भी सुरक्षित रखेगी।

# रुपया 89 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर बंद..



मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।***

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली और पश्चिम एशिया संघर्ष पर अनिश्चितताओं के बीच मजबूत डॉलर के दबाव के कारण रुपया कमजोर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि डॉलर की सतत मांग और ऊर्जा आधारित मंहगाई जोखिम, रुपये को दबाव में रख रहे हैं। जब तक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं आती यह स्थिति बनी रहेगी।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.18 प्रति डॉलर पर खुला और पहली बार 94.50 के स्तर को पार कर गया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.85 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 89 पैसे की गिरावट है।

रुपया बुधवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 93.96 पर बंद हुआ था। राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को शेयर, विदेशी मुद्रा, जिंस और सर्राफा बाजार बंद थे।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत के आयात खर्च पर दबाव बढ़ने से रुपये में भारी गिरावट जारी है। लंबी अवधि के लिए कच्चे तेल में बढ़ोतरी की चिंता मुद्रा और समग्र वृहद आर्थिक परिदृश्य पर भारी पड़ रही है। त्रिवेदी ने कहा, ''निरंतर डॉलर मांग और ऊर्जा आधारित मुद्रास्फीति जोखिम रुपये को दबव में रख रहे हैं। तकनीकी रूप से, 94.00 का स्तर अब प्रमुख प्रतिरोध के रूप में काम करेगा, जबकि अगला महत्वपूर्ण समर्थन स्तर 95.00 के पास देखा जा सकता है। जब तक कच्चे तेल की कीमतों में सार्थक सुधार नहीं होता तब तक यह स्थति बनी रहेगी।''

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.94 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजारों बीएसई सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत टूटकर 73,583.22 अंक जबकि एनएसई निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत फिसलकर 22,819.60 अंक पर बंद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को 4,367.30 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433


# बीते वर्ष बेरोजगारी मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत पर: सरकारी सर्वेक्षण..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए समग्र बेरोजगारी दर जनवरी से दिसंबर 2025 के दौरान मामूली घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पहले 3.2 प्रतिशत थी।***

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2025 में कहा गया कि बेरोजगारी दर के अनुमान विभिन्न क्षेत्रों और स्त्री एवं पुरुष में बेरोजगारी कम करने की दिशा में निरंतर प्रगति का संकेत देते हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार देश में महिलाओं की बेरोजगारी दर 2025 में 3.1 प्रतिशत पर ही बनी रही, जो एक वर्ष पहले के स्तर के बराबर है। वहीं पुरुषों के लिए यह 2025 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई। इसमें कहा गया कि 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पहले 2.5 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर 2.1 प्रतिशत रही, जो पुरुषों की बेरोजगारी दर (2.6 प्रतिशत) से कम है।


शहरी क्षेत्रों में पुरुष और महिला बेरोजगारी दर क्रमशः 4.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत तक कम हुई।

स्व-रोजगार का हिस्सा कुल स्तर पर 2024 के 57.5 प्रतिशत से घटकर 2025 में 56.2 प्रतिशत रह गया। पुरुषों में यह 52.9 प्रतिशत से घटकर 52 प्रतिशत और महिलाओं में 66.5 प्रतिशत से घटकर 64.2 प्रतिशत हो गया ।

रिपोर्ट में कहा गया कि इस कमी के साथ नियमित वेतनभोगी रोजगार का हिस्सा बढ़कर 22.4 प्रतिशत से 23.6 प्रतिशत हो गया। यह वृद्धि पुरुषों में 25.4 प्रतिशत से बढ़कर 26.5 प्रतिशत और महिलाओं में 16.6 प्रतिशत से बढ़कर 18.2 प्रतिशत हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल रोजगार में अस्थायी कामगारों (कैजुअल लेबर) का हिस्सा लगभग स्थिर रहा और यह 2024 के 20 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20.2 प्रतिशत रहा जिसमें स्त्री व पुरुष के आधार पर केवल मामूली अंतर देखा गया।

# सरकार ने नई टीवी रेटिंग नीति जारी की, पंजीकरण एवं जवाबदेही के मानक तय..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने टीवी रेटिंग नीति 2026 शुक्रवार को जारी की जिसमें देश में टेलीविजन रेटिंग के नियमन के लिए व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं। इसका उद्देश्य दर्शक मापन में पारदर्शिता, स्वतंत्रता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।***

आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस नीति में टीवी रेटिंग सेवाएं प्रदान करने वाली एजेंसियों के पंजीकरण, संचालन, लेखा-परीक्षण एवं निगरानी के लिए स्पष्ट मानक तय किए गए हैं।

टीवी रेटिंग नीति 2026, 16 जनवरी 2014 को जारी भारत में टीवी रेटिंग एजेंसियों के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों की जगह लाई गई है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नीति की प्रमुख विशेषताओं में प्रवेश नियमों को आसान बनाना और टीवी रेटिंग एजेंसी के रूप में पंजीकरण कराने की इच्छुक कंपनी के लिए 'नेटवर्थ' की आवश्यकता को मौजूदा 20 करोड़ रुपये से घटाकर पांच करोड़ रुपये करना शामिल है।

कड़े हित-संघर्ष विरोधी प्रावधानों के तहत तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए यह प्रावधान किया गया है कि निदेशक मंडल के कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे, जिनका प्रसारकों, विज्ञापनदाताओं या विज्ञापन एजेंसियों से कोई संबंध नहीं होगा।

इसके अतिरिक्त एजेंसियों को ऐसी परामर्श सेवाएं देने से प्रतिबंधित किया गया है जिससे हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

नमूना (सैंपल) आकार बढ़ाने और प्रतिनिधि आंकड़े सुनिश्चित करने के लिए एजेंसियों को 18 महीने के भीतर (मौजूदा रेटिंग एजेंसियों के लिए छह महीने) 80,000 मीटर लगे घरों तक अपने संचालन का विस्तार करना होगा और बाद में इसे बढ़ाकर 1,20,000 घरों तक पहुंचाना होगा, ताकि आंकड़ों की सटीकता में सुधार हो सके।

मापन प्रौद्योगिकी-निरपेक्ष होगा जिसमें केबल, डीटीएच, ओटीटी और कनेक्टेड टीवी सहित सभी माध्यमों से आंकड़े जुटाए जाएंगे तथा मीटर लगे घरों की सभी टीवी स्क्रीन से डेटा एकत्र किया जाएगा।

पारदर्शिता एवं गोपनीयता के लिए एजेंसियों को अपनी विस्तृत कार्यप्रणाली और गुमनाम किए गए डेटा को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। साथ ही सभी संचालन को दर्शकों की गोपनीयता की सुरक्षा के लिए डिजिटल व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 का सख्ती से पालन करना होगा।

जवाबदेही और लेखा-परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अब दोहरी ऑडिट प्रणाली अनिवार्य की गई है, जिसमें तिमाही आंतरिक ऑडिट और वार्षिक स्वतंत्र बाहरी ऑडिट शामिल होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समय-समय पर 'फील्ड' निरीक्षण के लिए एक ऑडिट और निगरानी दल भी गठित करेगा।

शिकायत निवारण के लिए एजेंसियों को 10 दिन के भीतर शिकायतों के समाधान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा और विवाद बढ़ने की स्थिति में एक अपीलीय प्राधिकरण भी स्थापित करना होगा।

'लैंडिंग पेज' से संबंधित प्रावधानों के तहत किसी 'लैंडिंग पेज' से उत्पन्न दर्शक संख्या को दर्शक मापन में शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि 'लैंडिंग पेज' का उपयोग केवल विपणन उपकरण के रूप में किया जा सकता है। प्रसारकों को यदि उनका चैनल किसी 'लैंडिंग पेज' पर उपलब्ध है तो इसकी जानकारी रेटिंग एजेंसी को देनी होगी।

टीवी रेटिंग के संदर्भ में 'लैंडिंग पेज' वह चैनल है जो सेट-टॉप बॉक्स चालू करते ही स्क्रीन पर अपने आप सबसे पहले दिखाई देता है।

अनुपालन और दंड से संबंधित प्रावधानों के अनुसार नियमों का उल्लंघन होने पर क्रमिक दंड लगाए जाएंगे, जिनमें अस्थायी रूप से रेटिंग निलंबित करने से लेकर बार-बार उल्लंघन होने पर पंजीकरण रद्द करना शामिल है।

# डब्ल्यूटीओ में सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया महत्वपूर्ण, इस पर कोई समझौता नहीं: गोयल



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत ने शुक्रवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और इसे इस बहुपक्षीय संस्था की नींव बताया।***

कैमरून के याउंडे में विश्व व्यापार संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के दूसरे दिन एक सत्र को संबोधित करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वर्तमान गतिरोध की व्यापक और रचनात्मक समीक्षा करने की जरूरत है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷विश्वास फिर से बनाना बहुत जरूरी है ताकि सहमति-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। यह प्रक्रिया अपरिवर्तनीय है और डब्ल्यूटीओ की नींव भी है।

यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ विकसित देश जेनेवा स्थित इस बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सहमति-आधारित प्रणाली की आलोचना कर रहे हैं और डब्ल्यूटीओ सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि इस प्रणाली में एक सदस्य देश भी संगठन की बैठकों में लिए गए निर्णयों को रोक सकता है।

हालांकि, भारत जैसे विकासशील देश इस प्रणाली का समर्थन करते हैं क्योंकि यह सभी देशों को समान अधिकार और आवाज देती है।

मंत्री ने यह भी कहा कि एक सच्ची और सफल बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली तभी फल-फूल सकती है जब उसका संस्थागत ढांचा संगठित, मजबूत और सभी सदस्यों की साझा आकांक्षाओं के अनुरूप बना रहे।

गोयल ने कहा, ÷वर्तमान गतिरोध की पूरी और रचनात्मक समीक्षा करना जरूरी है, ताकि इसकी मूल वजहों को समझा जा सके, और यह सुनिश्चित किया जा सके कि चर्चा पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-केंद्रित बनी रहे।÷

# रिजर्व बैंक ने निर्देशों का पालन न करने पर तीन सरकारी बैंकों, पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया




मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यूनियन बैंक ऑफइंडिया, बैंक ऑफइंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है।***

रिजर्व बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये और पाइन लैब्स पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मामले में ग्राहक द्वारा अधिसूचना की तारीख से 10 कार्य दिवसों के भीतर अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन में शामिल राशि को कुछ ग्राहकों के खातों में जमा नहीं किया गया था। साथ ही ग्राहकों को अनधिकृत बैंकिंग लेनदेन की रिपोर्ट करने के लिए 24 घंटे सुविधा प्रदान नहीं की गयी और कुछ केसीसी खातों में सिस्टम-आधारित परिसंपत्ति वर्गीकरण प्रक्रिया में 'मैन्युअल' हस्तक्षेप का सहारा लिया गया था।

सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया के मामले में, जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि बैंक निर्धारित समय सीमा के भीतर कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केन्द्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री पर अपलोड करने में विफल रहा और कुछ ग्राहकों के अतिरिक्त बीएसबीडी (बुनियादी बचत बैंक जमा) खाते खोले, जिनके पास पहले से ही बैंक में बीएसबीडी खाते थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण खातों में तदर्थ सेवा शुल्क/निरीक्षण शुल्क व प्रसंस्करण शुल्क एकत्र करने और परिपक्वता की तारीख से उनके पुनर्भुगतान की तारीख तक कुछ सावधि जमा रसीदों (टीडीआर) पर ब्याज का भुगतान नहीं करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना लगाया गया है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि पाइन लैब्स ने पीपीआई (प्रीपेड भुगतान उत्पाद) धारकों के 'अपने ग्राहक को जाने' (केवाईसी) को पूरा किए बिना कई पूर्ण-केवाईसी प्रीपेड भुगतान उपकरण (पीपीआई) जारी किए, जिसके कारण जुर्माना लगाया गया।



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# कौशांबी में श्रद्धालुओं को ले जा रहे पिकअप वाहन की ट्रेलर से टक्कर, आठ लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

सरकार ने पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे 'मां शीतला' के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 24 श्रद्धालु सवार थे।



प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ज्योति नारायण ने भी दुर्घटना स्थल का दौरा किया और 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घायल यात्री सड़क पर पड़े थे और मदद के लिए गुहार लगा रहे थे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया।

पुलिस और आपातकालीन विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया और कई एम्बुलेंस भेजकर घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, 20 से अधिक घायल व्यक्ति अस्पताल लाए गए, जिनमें कुछ में हड्डी टूटने की चोटें थीं, जबकि कई को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

इस हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन बाद में यातायात बहाल कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की और निर्देश दिया कि दुर्घटना में घायल सभी लोगों के लिए उचित चिकित्सा उपचार सुनिश्चित किया जाए।

# रामनवमी पर्व मनाकर निकली ज्योति कलशों की नयनाभिराम शोभायात्रा..

## गणेशी तालाब में जल दर्शन कराकर हुआ महाप्रसाद वितरण..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म नगरी लांजी में चैत्र नवरात्र पर्व की नवमी पर पुरा नगर धर्ममय नजर आया। संध्या में नगर के देवीधामों एवं मंदिरों से बैण्ड-बाजों व डीजे के साथ ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकाली गई। इन ज्योति कलशों की शोभायात्रा के दर्शन के लिए मां लंजकाई मंदिर से गणेशी तालाब***

तक रोड़ के दोनो ओर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। ज्योति कलशों की शोभायात्रा गणेशी तालाब पहुंचने पर वहां आरती उपरान्त जवारों का विसर्जन किया गया। अनेक देवी मंदिरों एवं घरों में नवमी पर्व पर हवन-पूजन कर नौ कन्याओं को भी भोज कराया गया। इसी तरह मां गायत्री मंदिर में हवन-पूर्णाहूति के पश्चात मंदिर परिसर में ही ज्योति कलशो का विसर्जन किया तद्उपरान्त कन्याओं को भोज कराकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। संध्या में नगर के देवी मंदिरों में आरती पूजन के पश्चात ज्योति कलशों को जलदर्शन कराने का क्रम दोपहर से शुरू हुआ जो कि रात्रि 9 बजे तक चलते रहा।

## इन देवी मंदिरो से निकली कलश शोभा यात्रा..

लांजी नगर सहित क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलशो का विसर्जन 27 मार्च को भक्ति भाव के साथ शोभा यात्रा निकाल कर की गई। बतादे कि लांजी नगर के माँ लंजकाई मंदिर में 558, माँ गायत्री शक्तिपीठ में 67, त्रिशक्ति दुर्गा मंदिर, माँ शीतला मंदिर में 108, माँ दुर्गा मंदिर नीमटोला 77, शीतला माता मंदिर नीमटोला 42 इन कलशो का विसर्जन देवीधाम से शोभा यात्रा निकालकर गणेशी सरोवर में ज्वारा विसर्जन किया गया इसके अलावा, माँ पांढरी पाट देवी धाम में स्थापित 2575 कलशो का विसर्जन खराड़ी जलाशय में तथा दुर्गा मंदिर बिसोनी में 361 कलश,





भाडरासुर में 3, दुर्गा मंदिर भुरसाडोंगरी, मां दुर्गा मंदिर बोलेगांव में मां शीतला माता मंदिर बोलेगांव, माता मंदिर साडरा में 35 में स्थापित मनोकामना ज्योति कलशो का विसर्जन स्थानीय सरोवर जल स्त्रोतो में किया गया। इस दौरान स्थानीय पंचायत एवं समितियो के द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाक की गई थी।

## गणेश सरोवर में नगर परिषद ने की बैठक व प्रकाश व्यवस्था..

वर्षो की परम्परानुसार नगर परिषद द्वारा गणेशी तालाब में कलश व जवारे विसर्जन के लिए बैठक एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई। सुबह से ही कर्मचारियों द्वारा गणेशी तालाब के परिसर को गोबर से लीपकर व साफ-सफाई कर कलश रखने के लिए चौक डाली गई। तालाब में विसर्जन के लिए समुचित प्रकाश व्यवस्था की गई। इसके अलावा मां लंजकाई मंदिर से गणेशी तालाब तक कलश शोभायात्रा वाले मार्ग को टेंकर से पानी डालकर धोया गया।

## पुलिस प्रशासन की रही चाक चौबंद व्यवस्था–

लांजी नगर में मनोकामना ज्योति कलश शोभा यात्रा का अपना ही एक अलग महत्व है। कलश यात्रा को देखने के लिये हजारो की संख्या में भक्त गण लांजी पंहुचते है और इस कलश शोभा यात्रा का भक्ति भाव के साथ आनंद प्राप्त करते है। वहीं इस संपूर्ण यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन का भी विशेष महत्व रहता है

जिसके लिये पुलिस विभाग के द्वारा तैयाारियॉ भी की जाती है यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये, कलश यात्रा मार्ग मे कोई ना आये भी सुनिश्चित करना होता है तालाब में कलश विसर्जन के पश्चात वापस मंदिरो में यात्रा सुरक्षित पंहुचे इस पर भी प्रशासन को ध्यान देना होता है जिसको लेकर एसडीओपी लांजी एवं थाना प्रभारी लांजी सहित संपूर्ण पुलिस बल तैनात नजर आया। उक्त संपूर्ण व्यवस्था लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार के मार्गदर्शन में की गई।

# मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा बस दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों से की मुलाकात..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा का दौरा कर सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों से मुलाकात की और प्रत्येक मृतक के आश्रितों को अतिरिक्त चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।***



छिंदवाड़ा जिले में बृहस्पतिवार शाम मुख्यमंत्री के एक कार्यक्रम से लौट रही बस की एक पिकअप वाहन से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य घायल हुए, जिनमें चार की हालत गंभीर है।मुख्यमंत्री ने प्रभावित गांवों में जाकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। यादव ने दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश भी दिए।

उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को संबल योजना के तहत चार लाख रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे, जिससे कुल सहायता राशि बढ़कर आठ लाख रुपये हो जाएगी। घायलों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और उनके उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, 'यह दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मध्यप्रदेश सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।' गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट कर मृतकों के

परिजनों को चार लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। मृतकों में से पांच करेर गांव के निवासी थे, जहां उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# रामनवमी के पावन अवसर पर साड़रा में शीतल प्याऊ का शुभारंभ..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में गर्मी का असर अब धीरे धीरे तेज होने लगा है बढते तापमान को देखते हुये विभिन्न संस्थाओं एवं समाज सेवियों के द्वारा नगर के प्रमुख चौक चौराहो सहित चिन्हित***




स्थानों में शीतल जल केन्द्र प्याऊ का शुभारंभ किया जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता राहगीरों को बडी शीतल राहत मिलेगी।

## श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर डॉ व्ही एन रणदिवे की स्मृति में प्याऊ शुभारंभ..

लांजी क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ व्ही एन रणदिवे जी स्मृति में ग्राम साडरा में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शीतल जल प्याऊ केन्द्र का शुभारंभ डॉ राजेश रणदिवे के हस्ते किया गया है। प्याऊ में जल की व्यवस्था माँ दुर्गा मंदिर साडरा एवं केसरी ट्रेडर्स साडरा के द्वारा की गई है। इस दौरान ग्राम से भोलाराम रणदिवे, शेखर जांभुरे उपसरपंच, रवि घोरमारे, डॉ प्रकाश नगपुरे,

जगदीश बापुरे, दशरथ बिल्लारे, भोजाराम भोंगाड़े, डुडेश्वर सांडे, रमेश हटीले, कुलदीप भारद्वाज, राकेश घोरमारे, योगेन्द्र दल्लेमाल तथा स्थानीय गणमान्य गण उपस्थित रहे। सभी के द्वारा इस पुनीत कार्य की सराहना की गई जिससे राहगीरो को रोजाना शीतल जल प्रदाय हो सकेगा।

## लांजी बस स्टैण्ड में जयकारा कैटर्स के द्वारा प्याऊ का शुभारंभ..

नगर के व्यापारी जयकारा टी स्टॉल एवं कैटर्स के संचालक के द्वारा 27 मार्च श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर स्व. श्री शंकरलाल जी एवं स्व. दौलत किरनापुरे की स्मृति में नगर के सुभाष चौक बस स्टैण्ड में सार्वजनिक शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। बतादे कि भीषण गमी के इस दौर में नगर मुख्यालय में शीतल जल प्याऊ का खुलना अतिआवश्यक था, लांजी नगर में चारो दिशाओ से लोगो को आना जाना रहता है जिससे उन्हे समय समय पर शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है जिसे दिखते हुये उक्त प्याऊ का शुभारंभ किरनापुरे परिवार के द्वारा किया गया है। स्थानीय जनो के द्वारा उक्त कार्य की सराहना की गई है।

# प्रयागराज में गंगा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में बामपुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह गंगा नदी में नहाते समय चार बच्चों के डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि यह घटना जिले के यमुना नगर के मांडा थाना क्षेत्र की है, जब आज सुबह करीब 10 बजे बामपुर गांव के चार बच्चे पास ही गंगा नदी में नहाने गए थे और नहाते समय चारों डूब गए।

उन्होंने बताया कि सभी चारों बच्चों का शव बरामद कर लिया गया है। इनकी पहचान कुणाल (12), दीपक (17), निहाल (10) और कमलेश (10) के रूप में हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले कड़ी सुरक्षा, सात हजार पुलिसकर्मी तैनात..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर शनिवार को व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सात हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है,***



जबकि 300 हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम के लिए पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर सख्त जांच की जा रही है और बिना तलाशी, पहचान पत्र व बैग की जांच के किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से पहले और दौरान सुरक्षा जांच, बम निरोधक जांच और अन्य सुरक्षा उपाय लगातार किए जाएंगे। परिसर में मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और महिलाओं की जांच के लिए अलग व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा में पुलिस के साथ पीएसी, आरएएफ, एटीएस और सीआईएसएफ की टीमें भी तैनात हैं। ड्रोन से संभावित खतरे को देखते हुए एंटी-ड्रोन यूनिट्स को भी सक्रिय किया गया है और पूरे क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया गया है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अफवाह न फैल सके। निगरानी के लिए हवाई अड्डा परिसर में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। नोएडा एक्सप्रेसवे पर अति विशिष्ट (वीवीआईपी) लोगों की आवाजाही की निगरानी आईएसटीएमएस के जरिए की जाएगी।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए अन्य जिलों से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया है। दस आईपीएस अधिकारियों के साथ पीएसी की 10 कंपनी और आरएएफ की दो कंपनी की तैनाती की गई है। जिले की सीमाओं, विशेषकर हरियाणा सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा अलीगढ़, बुलंदशहर समेत आसपास के जिलों की सीमाओं पर भी पुलिस और गश्ती वाहन हर आधा किलोमीटर पर तैनात किए गए हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और कार्यक्रम को शांतिपूर्ण व सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

# बलिया में प्रसूता की ऑपरेशन के दौरान मौत, चिकित्सक गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने चिकित्सक को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।***



पुलिस के अनुसार, सुल्तानपुर गांव निवासी दीनबंधु कुमार राजभर की तहरीर पर चिकित्सक डॉ. हेमंत कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के मुताबिक, दीनबंधु ने अपनी गर्भवती पत्नी कुसुम राजभर (25) को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से 25 मार्च की सुबह जिराबस्ती गांव स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था।

ऐसा आरोप है कि 26 मार्च की सुबह चिकित्सक और कर्मचारियों ने स्थिति को गंभीर बताते हुए सिजेरियन ऑपरेशन के लिए दबाव बनाया और उससे जबरन 30 हजार रुपये जमा करा लिए। ऑपरेशन के दौरान ही कुसुम राजभर की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि आरोपी चिकित्सक को शुक्रवार अपराह्न बसंतपुर मार्ग स्थित यूनिवर्सिटी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम पंचायत डोंगरगांव जनपद पंचायत लांजी
जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 28/03/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोंगरगांव जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 29/03/2026 से 03/04/2026 तक जी एस टी रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच
राजकुमार तांडेकर

उपसरपंच
बसंत निर्मलकर

सहायक. सचिव - धर्मेन्द्र ठाकरे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत डोंगरगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर ओबीसी महासंघ का आंदोलन



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के नेतृत्व में जोरदार आंदोलन किया गया। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से प्रमुख कॉलम***

शामिल करना तथा जातिवार जनगणना को लागू करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार को उसके आश्वासन की याद दिलाना था। इस प्रदर्शन में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लोगों और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आंदोलन में तिरोड़ा से राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वाय.टी.कटरे भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

इसके अलावा सांसद प्रतिभा धानोरकर, सांसद डॉ.नामदेव किरसान, सांसद डॉ. प्रशांत पडोले, सांसद श्याम बर्वे और सांसद बळवंत वानखैडे समेत कई जनप्रतिनिधि भी इस आंदोलन में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के अध्यक्ष बबनराव तायवाडे, महासचिव सचिन राजुरकर, राष्ट्रीय समन्वयक अशोक जिवतोडे, कोषाध्यक्ष शेषराव येलकर तथा दिनेश चोखारे सहित सभी राज्यों के पदाधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

आंदोलनकारियों ने एक स्वर में मांग की कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द ओबीसी की जातिवार जनगणना कराए और जनगणना फॉर्म में ओबीसी के लिए अलग से स्पष्ट कॉलम शामिल करे, ताकि इस वर्ग की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

# शिव मंदिर से तांबे की झारी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्ध..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***समीपस्थ ग्राम गुलाबटोला में स्थित शिव मंदिर से तांबे की झारी चोरी होने की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दीया। जिससे श्रद्धालुओं में रोष का माहौल है।***

जानकारी के अनुसार, हाल के दिनों में आसपास के अन्य मंदिरों में भी तांबे की झारी चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि इन वारदातों के पीछे किसी एक ही गिरोह का हाथ हो सकता है। इसी बीच गुलाबटोला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध चोरों की तस्वीरें कैद हुई हैं। पुलिस द्वारा फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने की अपील की है, वहीं पुलिस ने भी जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

# प्रोविडेंट फंड की रकम ब्याज के साथ देने से मना, अगर समय पर पैसे नहीं मिले तो आत्मदाह कर लूंगा..

## पीड़ित फॉरेस्ट कर्मचारी मिलिंद मेश्राम की चेतावनी..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा के रहने वाले मिलिंद तिलकचंद मेश्राम को सोशल फॉरेस्ट्री डिपार्टमेंट से क्लर्क की पोस्ट से रिटायर हुए तीन साल हो गए हैं***

और लगातार मांग करने के बाद भी उन्हें उनकी प्रोविडेंट फंड की रकम नहीं मिली है। अब उनकी बेटी की शादी तय हो गई है और अगर मुझे मेरी प्रोविडेंट फंड की रकम ब्याज के साथ नहीं मिली तो मैं आत्मदाह कर लूंगा, ऐसी चेतावनी पीड़ित मिलिंद मेश्राम ने दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने अपनी पीड़ा बताई।

मिलिंद तिलकचंद मेश्राम ने 1994 से 2017 तक गोंदिया फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में फॉरेस्ट लेबर के तौर पर काम किया, जिसके बाद उन्हें सोशल फॉरेस्ट्री डिपार्टमेंट भंडारा में क्लर्क की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। फॉरेस्ट लेबर के तौर पर काम करते समय प्रोविडेंट फंड की रकम कटती थी। इसमें 17946 रुपये की रकम फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में जमा थी, जिसे फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को सोशल फॉरेस्ट्री डिपार्टमेंट को ट्रांसफर करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

मिलिंद मेश्राम उम्र के हिसाब से जून 2023 में क्लर्क की पोस्ट से रिटायर हुए। उससे पहले, उन्होंने 28 अप्रैल, 2023 को डिपार्टमेंट को लिखकर प्रोविडेंट फंड की रकम देने की रिक्वेस्ट की थी। इसी बीच, 21 मई, 2023 को मिलिंद मेश्राम ने अपने बेटे की शादी के खर्च के लिए डिपार्टमेंट से फंड के लिए अप्लाई किया, लेकिन उन्हें फंड नहीं मिला। आखिर में, वे जून 2023 को रिटायर हो गए। उस समय उनके प्रोविडेंट फंड अकाउंट में सात लाख 71 हजार 333 रुपये जमा थे, जो ब्याज के साथ मिलने थे। लेकिन रिटायरमेंट के तीन साल बाद भी मिलिंद मेश्राम को उनके प्रोविडेंट फंड की रकम नहीं मिली। सरकारी पॉलिसी के मुताबिक, किसी भी कर्मचारी का प्रोविडेंट फंड का पैसा सरकार के पास जमा होने की तारीख तक ब्याज के साथ वापस किया जाता है, लेकिन संबंधित विभाग ब्याज के साथ रकम देने में आनाकानी कर रहा है, जिससे मिलिंद मेश्राम मानसिक रूप से परेशान हैं। लगातार बातचीत के बाद भी देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग एक रिटायर्ड कर्मचारी का बकाया पैसा वापस नहीं कर रहा है। मिलिंद मेश्राम की बेटी की हाल ही में शादी जुडी है और उसे पैसों की सख्त जरूरत है। ऐसे में मिलिंद मेश्राम ने चेतावनी दी है कि अगर अगले आठ दिनों में ब्याज के साथ प्रोविडेंट फंड का पैसा नहीं मिला तो वह आत्मदाह कर लेंगे।

# श्रीराम नवमी पर चित्रकला स्पर्धा संपन्न



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***स्वामी विवेकानंद आदर्श संस्कार संस्था, तिरोडा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के तत्वावधान मे राम जन्मोत्सव के अंतर्गत प्रभुश्री रामचंद्र के चित्र मे रंग भरो स्पर्धा आयोजित की गई। इस चित्रकला स्पर्धा मे बडी संख्या मे विद्यार्थीयो ने सहभाग लिया।***

## इस स्पर्धा का शुभारम्भ..

नगराध्यक्ष अशोक असाटी,नगर उपाध्यक्ष राजेश गुनेरिया, संस्था उपाध्यक्ष सुनील जोशी, सचिव रविकुमार शर्मा, संचालक अमृत देशपांडे, डॉ हरीश कुमार खत्री, श्रीमती रिया खत्री, विष्णुदयाल बिसेन, मुख्याध्यापक विशाल वेरूळकर एवं अनेक गणमान्य अतिथियों द्वारा मॉ शारदा एवम प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष पूजन एव दीपप्रज्वलन करके किया गया। स्पर्धा मे प्रभु श्रीराम की फोटो मे विद्यार्थियों ने आकर्षक रंग भरे। स्पर्धा मे 377 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। अपने अध्यक्षीय भाषण में नगराध्यक्ष अशोक असाटी द्वारा विद्यार्थियों को स्पर्धा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रामकथा आधारित नृत्य ,नाट्य प्रस्तुत किये।आगामी हनुमान जयंती पर स्पर्धा का परिणाम घोषित किये जायेंगे एवं पुरस्कार विजेता विद्यार्थीयो को वितरित किये जायेंगे। पिछले 25 वर्षो से लगातार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक अंग्रेजी शिक्षा के साथ साथ, प्राचीन संस्कारो और नैतिक शिक्षा का भी पाठ पढ़ा रहा है। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ हरीश कुमार खत्री,संचालन श्रीमती सुषमा देशमुख मैडम एवम आभार अमृत देशपांडे ने किया। कार्यक्रम के सफलतार्थ सभी कर्मचारियो ने अथक प्रयास किए।

# मानव विकास साइकिल स्कीम की नाकामी



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र सरकार हर साल मानव विकास कार्यक्रम के तहत ज़िला परिषद और अनुदानित स्कूलों में कक्षा 08 से 12 कक्षा मे 5किमी तक की दुरी से***

स्कुल पढ़ने वाली लड़कियों के लिए साइकिल बांटने का कार्यक्रम चलाती है मानव विकास कार्यक्रम के तहत साइकिल योजना के लिए 5000 रुपये का निधी दिया जाता है।

इसके लिए दो टप्पे में अनुदान मंजूर किए जाते हैं। लेकिन पिछले सत्र 2024-25 में लड़कियों को साइकिल के लिए 5000 में से सिर्फ़3500 रुपये दिए गए। बाकी 1500 रुपये जमा नहीं किए गए हैं। इस वजह से पालक परेशान हैं। और सत्र 2025-26 अभी खत्म होने वाला है कितु सत्र 2025-26 के कक्षा 8 से 12 तक 5 किमी अतंर से स्कूल मे आनेवाली छात्रा हेतु अनुदान जमा नहीं किया गया है पालको ने मांग की है कि दोनों सत्र का अनुदान तुरंत मंजूर करके मानव विकास के प्रमुख जिलाधिकारी को की है।

# तिरोड़ा में रामनवमी पर सजी आस्था की अदभुत झांकी, लव-कुश बने जुड़वां भाइयों ने मोहा मन..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***रामनवमी के पावन अवसर पर तिरोड़ा शहर भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया। भव्य शोभायात्रा में***

आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से प्रभु श्रीराम के जुड़वां पुत्र लव-कुश के स्वरूप में सजे प्रा. डॉ. संजय जगने के पुत्र जुड़वां भाई विवान और विधान ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे दोनों बालकों ने अपनी मासूम अदाओं और प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया।




# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## प्लाट की बात को लेकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/3/2026 के 10 बजे के दरम्यान ग्राम वडेगाव मे फर्यादी महेश भुमेश्वर केळवतकर उम्र 38 वर्ष निवासी वडेगाव अपने घर मे था। उसी समय आरोपी ने आकर बाजु के खाली प्लाट की बात को लेकर गालीगलोच की और लकडी से फर्यादी के सरपर मारकर जखमी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 336/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ तिरपुडे 882 पोस्टे तिरोड़ा कर रहे है।

## मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के गहने चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/3/2026 के रात मे महिला फर्यादी उम्र 40 वर्ष निवासी देवरी अपने घर मे सोयी थी। रात के समय अज्ञात चोर ने मकान का दरवाजा खोलकर मकान मे घुसकर सोने चांदी के गहने किमत 22 हजार बाजु मे रहने वाली उर्मीला बोरकर के घर से चांदी सोने के गहने किमत 10 हजार रुपये का माल और सोमाजी डिब्बे के मकान से 11 हजार रुपये किमत के 2 मोबाईल कुल तिन घर से 43 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 120/2026 धारा 331,4,305, अ, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोऊपनी माणिकपुरी पोस्टे देवरी कर रहे है।

## मेरे पैसे अभी दे बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/3/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान ग्राम दवनीवाडा मे फर्यादी शोभेलाल शिवलाल येळे उम्र 51 वर्ष निवासी दवनीवाडा अपने मजदुरी के काम पर काम कर रहे थे। जहा आरोपी ने आकर कहा मेरे 500 रुपये तुने लिया था मुझे अभी दे, फर्यादी ने कहा मालीक को आने दे मांगकर देता हु, आरोपी ने कहा इतना समय लगता है क्या बोलकर गाली गलोच की और प्लास्टर करने के अल्युमीनियम रॉड से सर पर मारकर जखमी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 162/2026 धारा 118,1,296, भान्यास 2026 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास छोटेलाल तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## रेल्वे से कटकर महिला की हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/3/2026 के सुबह 6 बजे के दरम्यान गंगाझरी तिसरी लाईन कि. मी. 1016/12/ अ/1016/20 अ मे रेल्वे से कटकर महीला की मौत हुई है। फर्यादी विशाल कुमार कांसकार उम्र 40 वर्ष तर्फे लो कोपायलट आशिश कुमार प्रजापती द्वारा दिया मेमो पोस्टे गंगाझरी मे लाने से पोस्टे गंगाझरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 07/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा शामकुमार देशपांडे 743 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



आज चैत्र नवरात्र उत्सव का दसवां दिवस आज इस अवसर पर आमगाव शहर के हृदय स्थल पर स्थित मां शीतला मंदिर मे मां का मनमोहक श्रृंगार किया गया
छाया- गणेश भदाडे आमगांव।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टॅंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# मैं गोंदिया का दामाद हूं विनोद भैया, इसलिये गोंदिया के विकास में मेरी ओर से कोई कमी नहीं होगी.. - मंत्री आशीष जायसवाल

## मांडोदेवी में विधायक विनोद अग्रवाल के प्रतिनिधित्व में हजारो की उपस्थिति में हुआ 191 जोड़ो का सर्वजातीय सामुहिक विवाह..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के आमगांव तहसील अंतर्गत ग्राम बघेडा (तेढा), में स्थित पहाड़ों पर विराजी मां मांडोदेवी में श्री सूर्यदेव मांडोबाई देवस्थान समिति के तत्वाधान में तथा विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में आज 27 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन पर्व पर भव्य समारोहपूर्वक सर्वजातीय सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में***

उपस्थित जनसमूह के समक्ष पंडितों के मंत्रोच्चार एवं मंगलाष्टक के साथ 191 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई, और इसके साथ ही विवाह समारोह धुमधाम से संपन्न हो गया।

समारोहपूर्वक आयोजित किये गए इस सर्व जातीय विवाह समारोह में उद्घाटक के रुप में राज्य के वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल उपस्थित थे, वहीं प्रमुख अतिथि के रुप में विधायक संजय पुराम, पूर्व विधायक सहसराम कोरोटे, जिला परिषद अध्यक्ष लायकाराम भेंडारकर, पूर्व विधायक हेमंत तानुभाऊ पटले, पूर्व विधायक राहंगडाले, भाऊराम उके, पंचायत समिति गोंदिया के सभापति मुनेश्वर राहंगडाले के साथ ही उपाध्यक्ष भैयालाल सिंदराम, सचिव डॉ. लक्ष्मण भगत, सहसचिव कुशन घासले, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ असाटी के साथ ही अनेक पदाधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

















## गोंदिया जिले में सर्वजातीय सामुहिक विवाह की शुरुआत मांडोदेवी से हुई..

संस्था के अध्यक्ष एवं गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने विवाह समारोह में अपने उद्बोधन में बताया कि श्री सूर्यदेव मांडोबाई देवस्थान समिति के तत्वाधान में 1993 में हमने सामुहिक विवाह की शुरुआत मां मांडोदेवी के आशीर्वाद से की थी, और तब पहली बार सर्वजातीय सामुहिक विवाह के रुप में गोंदिया जिले का यह प्रथम सर्वजातीय सामुहिक विवाह था। 1993 से निरंतर प्रतिवर्ष आयोजित सर्वजातीय सामुहिक विवाह का यह 34 वां वर्ष है। इस सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में आर्थिक, समयबद्ध और संस्कारयुक्त वैवाहिक व्यवस्था को बढ़ावा दिये जाने का कार्य संस्था के माध्यम से किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर वधू दंपतियों को विवाहोपरांत जीवनोपयोगी सामग्री, वस्त्र तथा सोने का मंगलसूत्र भी हम प्रदान करते हैं, तथा हर्ष का विषय है कि अबकी बार 34 वें सामुहिक विवाह में कुल 191 जोड़े नवदंपत्ति के रुप में परिणयबद्ध हो रहे हैं।

## यह भी बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे कहा कि र्यदेव मांडोदेवी देवस्थान को धार्मिक व सामाजिक कार्यों हेतु महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग का सर्वोच्च फूले शाहू आंबेडकर पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। संस्था द्वारा सर्वधर्म समभाव, मानव कल्याण और विश्व कल्याण की संकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसके कारण यह स्थल मध्य भारत का प्रमुख तीर्थ पर्यटन केंद्र बन चुका है। यहां प्रतिदिन 3 से 4 हजार श्रद्धालु व पर्यटक दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और देवी के प्राचीन मंदिर के कारण यह स्थल विशेष आकर्षण का केंद्र है। भक्तों हेतु लगभग 50 से अधिक दुकानें व होटल उपलब्ध हैं, लेकिन अभी विकास की और भी संभावनाएं है, तथा शासन की मदद की अपेक्षाएं हम सभी को है, जिससे कि मांडोदेवी तीर्थ स्थान और भी अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त बनाया जा सके।



## बोले मंत्री आशीष जायसवाल..

राज्य के वित्त राज्यमंत्री एवं रामटेक विधानसभा के विधायक आशीष जायसवाल ने सर्वप्रथम हजारों की संख्या में उपस्थिति के साथ जन जन को जोड़ने के लिये विधायक विनोद अग्रवाल को श्री सूर्यदेव मांडोबाई देवस्थान समिति के अध्यक्ष के रुप में अनवरत कार्य करते हुए सफलताओं के लिये बधाई दी, तो वहीं कहा कि मेरे लिये भी यह सौभाग्य की बात होगी कि मैं राज्य के मंत्री के रुप में क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिये सहयोग कर सकूं। मंत्री आशीष जायसवाल ने कहा कि विनोद भैया, मैं गोंदिया जिले के आमगांव का दामाद हूं, और इस नाते मेरा कर्त्तव्य है कि मैं आमगांव और गोंदिया जिले के विकास में स्वयं भी सहयोग करने आगे आऊं। मैं आज आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप विकास के प्रस्ताव तैयार कीजिये, मेरी ओर से कोई कमी नहीं होगी, बल्कि अधिक से अधिक मदद करके गोंदिया जिले को बड़ी सौगातें देने का भरसक प्रयास मैं जरुर करुंगा। मंत्री आशीष जायसवाल ने आगे अपने उद्बोधन में सर्वजातीय सामुहिक विवाह आयोजन को निरंतर इसी तरह आयोजित किये जाने के लिये शुभकामनाएं भी प्रदान की तो वहीं नवदंपत्तियों को शुभ आशीष भी प्रदान किया।

# 'संगठन सृजन अभियान' से जमीनी स्तर पर किया जा रहा कांग्रेस संगठन को और मजबूत.. - संगीता बेनीवाल

## एआईसीसी की राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संगीता बेनीवाल ने गोंदिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी.. कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी की मुलाकात..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस संगठन में जान फूंकने के लिए राष्ट्रव्यापी 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत की है। हाल ही में हुए अहमदाबाद अधिवेशन के बाद शुरू हुआ यह अभियान पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की एक बड़ी कोशिश है, यह जानकारी आज 27 मार्च को शासकीय विश्राम गृह गोंदिया में आयोजित एक***

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान से गोंदिया पहुंची एआईसीसी की पर्यवेक्षक संगीता बेनीवाल ने मीडिया को दी। इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप बंसोड़ एवं अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पर्यवेक्षक संगीता बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस संगठन का इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य जिला कांग्रेस समितियों को सशक्त और जवाबदेह बनाना है। पार्टी का मानना है कि केवल प्रतीकात्मक नेतृत्व से काम नहीं




चलेगा, बल्कि अब ऐसे सक्रिय नेतृत्व की जरूरत है जो कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो सके।

संगीता बेनीवाल ने आगे बताया कि एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पार्टी कार्यकर्ताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और सिविल सोसाइटी के साथ गहन विचार-विमर्श कर रहे हैं ताकि सबसे उपयुक्त नेतृत्व की तलाश की जा सके। प्रक्रिया के इस चरण के अंत तक नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी समितियों का भी पुनर्गठन होगा ताकि भूमिकाएं और जिम्मेदारियां स्पष्ट रहें। जिला स्तर के बाद, ब्लॉक, मंडल और ग्राम स्तर की समितियों को भी सक्रिय करने की योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं है, बल्कि एक वैचारिक अभियान है। यह अभियान 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के संदेश को संगठनात्मक रूप देगा। अभियान के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग, महिलाओं और युवाओं को नेतृत्व के अधिक अवसर देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संगीता बेनीवाल ने आगे कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सभी पर्यवेक्षकों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी ने नागरिकों और कार्यकर्ताओं से भी ऐसे नेताओं की पहचान करने में मदद मांगी है जो 'विनम्रता, दूरदृष्टि और साहस' के साथ नेतृत्व करने में सक्षम हों।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

## - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

# महाराष्ट्र वन सेवानिवृत्त एसोसिएशन का जिला अधिवेशन व आमसभा आयोजित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र वन सेवानिवृत्त (पेंशनर्स) एसोसिएशन नागपुर शाखा गोंदिया का प्रथम जिला स्तरीय अधिवेधन व आमसभा बापट लॉन में आयोजित हुई. इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में राज्य कार्यकारिणी के महासचिव विनोद देशमुख, सचिव दाढे, अध्यक्ष प्रल्हाद शेंडे, कार्यकारी***

सदस्य मेहर, गोंदिया विभाग के उपवन संरक्षक पवनकुमार जोंग, उपवन संरक्षक श्रीमती पियुषा जगताप, एनएनटीआर नवेगांव-नागझिरा के क्षेत्र संचालक तुषार ढमढेरे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर गोंदिया वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया। देशमुख, प्रल्हाद शेंडे, विजय बोपचे व मेहर ने सेवानिवृत्तों के प्रलंबित प्रकरण तथा सेवानिवृत्ती के बाद मिलने वाले लाभ सेवानिवृत्तों को समय पर देने की मांग अधिकारियों से की गई। इस पर गोंदिया वन विभाग के तीनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्या हल करने का आश्वासन दिया। इसी तरह उपवन संरक्षक जोंग ने वन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अनेक समस्या दूर की. इसके लिए पदाधिकारियों ने उनका आभार माना।

शासन की नीति के अनुसार 15 प्रश. नक्सलवादी आदिवासी भत्ते की बकाया मिलने के लिए उपवन संरक्षक को अवगत कराया गया। इस अवसर पर 75 वर्ष वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सत्कार किया गया, जिसमें वनपाल आर.झेड. बालपांडे, वनपाल आर.एस. चंदनकर, लेखापाल एन.डी. कोल्हे, लिपीक एम.एन. भांडारकर, वनपाल वी.पी. मोटघरे, एस.पी. बोरकर, एन.एम. सोमवंशी, एच.जी. बोरकर, वनरक्षक यु.ए. जांभुलकर, वन मजूर टी.के. सांडेकर, वनरक्षक एम.सी. भेलावे, एच.डी. ठाकरे, वनपाल डी.के. कटरे, डब्ल्यु. एम. रेवतकर, एस.एन. बहेकार, एस.के. रेहपाडे, ए.एल. सिंगनजुडे, सेवानिवृत्त वनपाल राज्य संगठन के महासचिव देशमुख का भी सत्कार कर स्मृती चिन्ह प्रदान किया गया। प्रस्तावना सी.वी. गोंडाने ने रखी। संचालन सेवानिवृत्त वनपाल एम.बी. मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन सुरेश बंसोड ने किया। सफलतार्थ उंदिरवाडे, भांडारकर, शहारे, भोंडे, नागपुरे व राहुलकर ने सहयोग किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com